दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 180 जयपुर, शनिवार, 10 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### रूस और CIS देशों में रिलीज होगी 'पठान'



**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की ब्लॉक बस्टर फिल्म 'पठान' रूस और स्वतंत्र देशों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) में 3,000 से अधिक पर्दों पर रिलीज होगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और जॉन अब्राहम व दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म 25 जनवरी को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की थी। सीआईएस देशों में आर्मेनिया, अजरबैजान, बेलारूस, जॉर्जिया, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

### एनपीपीए ने 23 दवाओं की खुदरा कीमतें तय की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने मधुमेह और उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं समेत 23 औषधियों के खुदरा मूल्य तय कर दिए हैं। एनपीपीए ने 26 मई, 2023 को प्राधिकरण की 113वीं बैठक में लिए गए फैसलों के आधार पर दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 के तहत ये खुदरा कीमतें तय की हैं। अधिसूचना के अनुसार एनपीपीए ने मधुमेह की दवा 'ग्लिक्लाजाइड ईआर' और 'मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड' की एक गोली की कीमत 10.03 रुपए तय की है। इसी तरह टेल्मिसर्टन, क्लोर्थालिडोन और सिल्नीडिपाइन की एक गोली की खुदरा कीमत 13.17 रुपए होगी।

**मौसम का बिगड़ा मिजाज:** प्रदेश के कई इलाकों में तपिश तो कई जगह में आंधी-बारिश का चला दौर

# बरसात और तूफान जनित घटनाओं में तीन लोगों की मौत

- 43 डिग्री तापमान के साथ कोटा रहा सबसे गर्म
- सीकर के धौद में सर्वाधिक 40 एमएम वर्षा दर्ज

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में शुक्रवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। प्रदेश में कई स्थानों जहां तपिश ने लोगों को झुलसाया। वहीं, कई जगह तूफानी बारिश ने जनजीवन को झकझोर दिया। प्रदेश में भरतपुर, अलवर, धौलपुर सहित कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश में कई पेड़ गिरने के साथ ही काफी नुकसान भी हुआ।




तूफान से धौलपुर जिले के सैपऊ उपखंड क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध वासुदेव की मलबे में दबने से मौत हो गई। वहीं, आधा दर्जन लोग घायल हो गए। यहां घरों के छप्पर, टीन शेड, होर्डिंग्स आदि उड़ने से लोगों का काफी नुकसान हुआ। जिले के सिंघौरा का पुरा और इंदौली गांव में पक्के मकान ढहने से 5 लोग घायल हो गए। वहीं भरतपुर जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि अंधड़ और बरसात में रूपवास क्षेत्र में एक महिला की मौत हो गई।

गांव मैरथा निवासी महिला खेत में काम कर रही थी, उसी दौरान पेड़ के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। अंधड़ व बरसात थमने के बाद जिला कलेक्टर ने शहर का दौरा किया।

उखड़े पेड़ों को हटवाकर यातायात सुचारू कराने व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं अजमेर के नसीराबाद में तेज आंधी के कारण एक मकान की छत से सीमेंट (पत्थर) की शेड (चादर) गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। पिछले 24 घंटे के दौरान बीकानेर, जयपुर, अजमेर, टोंक, बारां, भरतपुर, बूंदी, सीकर, जयपुर, कोटा और सवाई माधोपुर जिलों के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश सीकर के धौद एरिया में 40 एमएम दर्ज हुई।

### आज इन जिलों में येलो अलर्ट

मौसम केन्द्र जयपुर ने शनिवार के लिए अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझनूं, चूरू, जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटा की स्पीड से आंधी चलने की संभावना जताई है। भरतपुर में शुक्रवार को भी करीब 60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चली और बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान, पंजाब की सीमा पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस सिस्टम के कारण एक ट्रफ लाइन राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्से से होते हुए मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक गुजर रही है।

### यहां गर्मी ने झुलसाया

प्रदेश के कई इलाकों में गर्मी ने आम लोगो को परेशान किया। प्रदेश में शुक्रवार को कोटा 43 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। शुक्रवार को कोटा में 43, बूंदी में 42.8, धौलपुर में 42.3 और चूरू में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इधर बीकानेर, फलोदी और कोटा में रात का न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**महिलाओं को फ्री सेलफोन** को लेकर मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान...

# समय पर मोबाइल नहीं मिल पाए तो खाते में आएगी फिक्स राशि

- 1.33 करोड़ महिलाओं को सरकार देगी फ्री हैंडसेट
- चिप की कमी के कारण नहीं हो पा रहा टेंडर पूरा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सरकार की मुफ्त स्मार्टफोन योजना में मोबाइल मिलने का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा ऐलान किया। गहलोत ने कहा कि यदि मोबाइल खरीद के लिए किसी कारण टेंडर नहीं होते हैं तो ऐसी सुविधा दी जाएगी कि महिलाएं मोबाइल खरीद लें। इसके बाद एक फिक्स अमाउंट उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस योजना में 1.33 करोड़ महिलाओं को फ्री मोबाइल मिलने हैं। इसकी घोषणा बजट में की गई थी। इसके लिए राजकॉम्प ने टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। तब रक्षाबंधन तक महिलाओं को मोबाइल देने का ऐलान भी कर दिया था। चिप की कमी की वजह से मोबाइल उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत ने सीकर की खंडेला तहसील के होद गांव में शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का ध्येय जनता की सेवा करना होता है। राज्य सरकार इसी संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए कार्य कर रही है। गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने खाद्य, शिक्षा, सूचना और रोजगार की गारंटी कानून बनाने के क्रांतिकारी फैसले लिए। उसी तरह राजस्थान सरकार ने भी निरोगी राजस्थान के लिए स्वास्थ्य का अधिकार लागू किया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बढ़ाकर आमजन को आर्थिक और सामाजिक संबल प्रदान किया है। केंद्र को भी देश में समान रूप से सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए।



### ED, CBI व IT करें निष्पक्षता से काम

सीएम ने जांच एजेंसियों के अधिकारियों से बिना किसी के दबाव में आए काम करने की अपील करते हुए गहलोत ने कहा कि ईडी, सीबीआई और आयकर अधिकारियों से मैं कहना चाहूंगा कि कृपया आप दबाव में काम नहीं करें। आपका दायित्व है कि आप निष्पक्षता से काम करें। सबके साथ न्याय सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय एजेंसियों को भेजते हैं सूची देकर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दबाव में आकर काम करना उचित नहीं है। अगर ये एजेंसियां बिना किसी दबाव के निष्पक्ष रूप से काम करें, तो हम इस कदम का स्वागत करेंगे। सीएम गहलोत ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि ईडी का इंतजार हो रहा है, क्योंकि हम जानते हैं कि देश में जहां जहां चुनाव हुए हैं, वहां सब जगह पहले ईडी जाता है। जांच एजेंसियां को सूची देकर भेजते हैं कि कहां-कहां जाना है, लेकिन यह परंपरा उचित नहीं है।

### मोबाइल में गहलोत खुद का फोटो लगाएंगे

सीएम गहलोत के ऐलान से पूर्व मोबाइल वितरण मामले में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि भामाशाह कार्ड पर तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे के फोटो पर आपत्ति जताने वाले सीएम गहलोत रक्षाबंधन पर 1.31 करोड़ स्मार्ट फोन बांटने की तैयारी कर रहे हैं। उनमें स्क्रीन पर खुद की फोटो चमकाने की तैयारी में हैं। स्मार्ट फोन खरीद को लेकर भी पूरी गफलत है। बजट का भी प्रावधान सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया।

**पेपर लीक:** कुछ और जारी होंगे नोटिस!

# RPSC चेयरमैन सहित अन्य नहीं हुए ईडी के सामने पेश




### प्रवर्तन निदेशालय में होंगे लिखित में सवाल-जवाब

**बेधड़क | जयपुर**

प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) में प्रदेश में पेपर लीक मामले में 28 ठिकानों पर छापे और जांच के बाद जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। जैसे-जैसे दस्तावेजों की जांच आगे बढ़ेगी ईडी की सूची में पूछताछ के लिए बुलाए जाने वालों की सूची भी बढ़ती जाएगी।

ईडी मुख्यालय ने आरपीएससी अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और पूर्व सचिव हरजीलाल अटल सहित 24 लोगों को तलब कर रखा है। अलबत्ता, शुक्रवार को किसी के भी ईडी कार्यालय पहुंचने की जानकारी नहीं मिली है।

श्रोत्रिय शुक्रवार को आरपीएससी नहीं पहुंचे और ना ही उन्होंने किसी से संपर्क किया। ईडी ने पहले भी मई में श्रोत्रिय को नोटिस देकर तलब किया था, लेकिन वे नहीं आए थे। माना जा रहा है कि अब सोमवार को या तो तलब किए गए लोग ईडी मुख्यालय पहुंचेंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो ईडी फिर से एक बार उन्हें नोटिस जारी करेगी।

इधर, ईडी से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल तलब किए गए लोगों से लिखित में सवाल-जवाब किए जाएंगे। पैसों के लेन देन, निवेश को लेकर ही यह सवाल ईडी की तरफ से पूछे जाएंगे।

# WTC Final ऑस्ट्रेलिया को 296 रन की लीड, 4 आउट




**एजेंसी | लंदन**

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में दूसरी पारी में चार विकेट पर 123 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत की पारी 296 रन पर सिमटी। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और ग्रीन क्रीज पर थे।

ऑस्ट्रेलिया अब भारत से 296 रन से आगे है। इससे पूर्व भारत की ओर से अजिंक्य रहाणे (89) और शार्दुल ठाकुर (51) ने 109 रन की साझेदारी की, जिससे स्कोर 296 तक पहुंच सका। शार्दुल ठाकुर ने अपनी शानदार पारी से जहां भारत पर मंडराया फॉलोऑन का खतरा टाला, वहीं ओवल मैदान पर लगातार तीसरा अर्धशतक मार ब्रैडमैन और बॉर्डर की बराबरी कर ली।

**प्रदेश में साल 2018 के बाद अब निकली विज्ञप्ति**

# 13,184 सफाईकर्मियों की होगी भर्ती

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार ने एक साथ 13 हजार 184 पदों पर नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी है। इसके ऑनलाइन आवेदन 15 मई से शुरू होंगे। साल 2018 यानी 5 साल के लंबे इंतजार के बाद राज्य में अब सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। स्वायत्त शासन विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार इसमें आवेदन करने आवेदक को 1 साल का सफाई कार्य का अनुभव होना जरूरी है। इसके लिए किसी भी ठेकेदार या प्लेसमेंट एजेंसी का अनुभव प्रमाण पत्र लाना जरूरी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जून है। भर्ती में राज्य के ही नागरिक को प्राथमिकता मिलेगी। आवेदनकर्ता का जनाधार कार्ड अनिवार्य किया गया है।



**मधुमेह और गैर संचारी रोगों पर अध्ययन**

# देश में 11% से अधिक लोग डायबिटिक... 36% लोग हाई बीपी से ग्रस्त

- मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और आईसीएमआर की स्टडी
- देश में 28.6% लोग सामान्य मोटापे और 39.5% तोंद से ग्रस्त
- 2017 में भारत में करीब 7.5 प्रतिशत लोगों को था मधुमेह

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में 11.4 प्रतिशत लोग मधुमेह (डायबिटीज) और 35.5 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। वहीं, 15.3 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में हैं। लांसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई। देश में मधुमेह और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) पर हुए सबसे बड़े अध्ययन में आकलन किया गया है कि 2021 में भारत में 10.1 करोड़ लोग मधुमेह के शिकार थे, वहीं 13.6 करोड़ लोग पूर्व मधुमेह (डायबिटीज से पहले के स्तर) की चपेट में थे और 31.5 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से ग्रस्त थे। मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर यह अध्ययन किया, जिसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तपोषित किया है।




### सर्वाधिक मधुमेह रोगी गोवा में

अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत में 28.6 प्रतिशत लोग सामान्य मोटापे से ग्रस्त हैं, वहीं 39.5 प्रतिशत लोग पेट (तोंद) के मोटापे से ग्रस्त हैं। अध्ययन में पाया गया कि 2017 में भारत में करीब 7.5 प्रतिशत लोगों को मधुमेह की समस्या थी। इसका मतलब हुआ कि तब से अब तक यह संख्या 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। राज्यों की बात करें तो मधुमेह के सर्वाधिक मामले गोवा (26.4 प्रतिशत) में हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम (4.8 प्रतिशत) मामले हैं। उच्च रक्तचाप के सबसे अधिक रोगी पंजाब में (51.8 प्रतिशत) हैं।

### 31 राज्यों में 12 साल की गई स्टडी

यह अध्ययन 2008 से 2020 के बीच देश के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1,13,043 लोगों पर किया गया जिनमें 33,537 शहरी और 79,506 ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी थे। डॉ. मोहन डायबिटीज स्पेशिएलिटीज सेंटर के अध्यक्ष वी. मोहन ने कहा, 'भारत में राज्य सरकारों की रुचि विशेष रूप से इन एनसीडी पर विस्तृत राज्यस्तरीय आंकड़ों में होगी, क्योंकि इससे वे एनसीडी को सफलतापूर्वक रोकने तथा उनकी जटिलताओं को संभालने के लिए साक्ष्य आधारित हस्तक्षेप विकसित कर सकेंगे।' अध्ययन दल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नयी दिल्ली के अनुसंधानकर्ता भी शामिल थे।

### विशेषज्ञ ने ये बताए कारण

एमडीआरएफ की अध्यक्ष डॉ. आर एम अंजना ने कहा, 'गैर-संचारी रोगों में तेजी से वृद्धि के लिए सर्वाधिक रूप से आहार, शारीरिक गतिविधियों और तनाव के स्तर जैसी जीवन शैलियों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अच्छी खबर यह है कि इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हस्तक्षेप किए जा सकते हैं। हमारे अध्ययन में भारत में स्वास्थ्य देखभाल की योजना और प्रावधान को लेकर अनेक निहितार्थ निकाले जा सकते हैं।'

## जरूरी खबर

### महंगाई राहत कैंप में 1.53 करोड़ परिवार लाभान्वित




**जयपुर।** सरकार की ओर से जनता को मंहगाई से राहत देने के लिए लगाए गए कैंपों में अब तक 1.53 करोड़ परिवार लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि 6.80 करोड़ से अधिक गारंटी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार शाम तक इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 50.91 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 84.75 लाख, निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 10.08 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 95.36 लाख, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 60.66 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 4.18 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार

**जयपुर।** राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए 3 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्य भार दिया है। इसमें आईएएस डॉ. सौम्या झा को एडि. कमिश्नर एम्पलॉयमेंट गारंटी स्कीम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं आईएएस कानाराम जाट को डायरेक्टर एलिमेंट्री एज्यूकेशन एंड पंचायतीराज विभाग और आईएएस श्वेता चौहान को डिप्टी चीफ एगजूटिव आफिसर खुशखेड़ा, भिवाड़ी नीमराना रीजनल डवलपमेंट ऑथोरिटी रीको लिमि. का अतिरिक्त चार्ज दिया है। यह आदेश कार्मिक विभाग की ओर से जारी किए गए हैं।

### राज्यपाल कलराज मिश्र ने माउंट आबू का किया भ्रमण



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को कार से माउंट आबू भ्रमण के लिए निकले। पहले वह कार से देलवाड़ा के मार्ग से ट्रेवर्स टैंक, ओरिया गांव होते हुए गुरुशिखर के नीचे पार्किंग स्थित व्यू पॉइंट तक पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ देर चोटी के निकट के स्थानों को देखा। लौटते समय राज्यपाल मिश्र मिनी नक्की झील का अवलोकन करते हुए राज भवन पहुंचे। उन्होंने माउंट आबू के सुरम्य स्थलों की सराहना करते हुए पहाड़ी रास्तों और नैसर्गिक सौंदर्य को अद्भुत बताया। उन्होंने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण का भी सभी से आह्वान किया।

---

**मुख्यमंत्री का तीन जिलों में दौरा: जनता का पैसा जनता पर खर्च कर दे रहे हैं सामाजिक सुरक्षा**

# गहन अध्ययन के बाद योजना लागू, चुनावी नहीं समझें: CM

■ गहलोत ने राहत शिविर में लाभार्थियों से किया संवाद

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने गहन अध्ययन के बाद ही जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। पुरानी पेंशन योजना, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जैसी राज्य सरकार की योजनाएं चुनावी नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक योजना स्थायी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राजस्थान को विकास के हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाया जाए और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सबके सहयोग की आवश्यकता है। प्रदेश को 2030 तक अग्रणी राज्य बनाने की सोच के साथ काम किया जा रहा है।

राज्य में जनता का पैसा जनता पर खर्च कर लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को सीकर, झुंझुनूं और कोटपूतली दौरे पर रहे गहलोत ने कहा कि प्रदेशभर में महंगाई राहत शिविर लगाए जा रहे हैं, इससे आमजन पर महंगाई का बोझ कम हुआ है।

इन शिविरों के माध्यम से 10 योजनाओं के द्वारा लोगों को अधिकतम राहत पहुंचाई जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत शिविर के अवलोकन के दौरान लाभार्थियों से संवाद किया।



#### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी

कोटपूतली में गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 5 वर्ष में प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जनता से जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरी शिद्दत के साथ निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 5 बजट में राज्य की जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया, बल्कि बेहतरीन वित्तीय प्रबंधन कर राज्य में विकास कार्यों को गति दी गई। राजस्थान 11.04 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ देश में आंध्र प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है। इस दौरान उन्होंने 460.66 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें 430.82 करोड़ लागत के कुल 56 शिलान्यास एवं 29.84 करोड़ लागत के 31 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं।

#### तेजी से प्रगति कर रहा राजस्थान

गहलोत झुन्झुनूं की खेतड़ी तहसील के बबाई गांव कहा कि राजस्थान प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार प्रदेश में 1 लाख किलोमीटर सड़क का निर्माण कर रही है, जिसमें से 56 हजार किलोमीटर सड़कें बन चुकी है तथा शेष का कार्य जारी है। राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा पर आधारित विद्युत परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

---

**कन्हैयालाल के हत्यारों को पकड़वाने वाले युवक बोले...**

# प्रदेश सरकार हमें न तो सुरक्षा दे रही है और ना ही रोजगार

■ दीया का ऐलान- सरकार अपने वादे में फेल, इनकी आजीविका चलाने में हम करेंगे सहयोग

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार की योजनाओं पर भाजपा ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं। वहीं जयपुर में शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या के आरोपियों को पकड़ने में सहयोग करने वाले युवक भी पहुंचे, जिन्होंने भी सरकार पर उन्हें रोजगार और सुरक्षा नहीं देने के आरोप लगाए। राठौड़ ने कांग्रेस सरकार पर सांप्रदायिक ताकतों को समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कन्हैयालाल के हत्यारों को पकड़वाने वाले दो युवक बेरोजगार होकर सुरक्षा की गुहार लगाते भटक रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री चतराराम ने भगवान राम को गाली दी। जिनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ। लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा भगवा रैली के खिलाफ नारेबाजी, जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपियों का बरी होना, हिंदु नववर्ष की झांकी और रैलियों पर पथराव जैसी घटनाएं कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का उदाहरण हैं। इस दौरान हत्याकांड के आरोपी आंतंकियों मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्म्द को पकड़वाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले युवक शक्ति सिंह और प्रहलाद सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए।




#### एक साल पहले किया था सुरक्षा का वादा

भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीड़ित युवकों ने कहा कि एक साल पहले सरकार ने उन्हें सुरक्षा देने वादा किया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी उन्हें सुरक्षा नहीं मिली। वहीं सूरत से उनको नौकरी से निकाल दिया गया। संस्थान के मालिक ने यह कहकर दोनों युवकों को नौकरी से निकाल दिया कि तुम्हारे यहां रहने से हमें भी खतरा है। पीड़ित प्रहलाद सिंह ने कहा कि आरोपियों के परिवार वाले आए दिन दुपहिया वाहनों से उनके घर के आगे-पीछे चक्कर लगाते हैं, जिससे उनके परिजन सहमें हुए हैं और उन्हें जान खतरा है। वहीं शक्ति सिंह ने कहा कि हम दर-दर को भटक रहे हैं, लेकिन हमें कोई मदद नहीं मिल रही है।

#### आजीविका चलाने में करेंगे सहयोग

राजसमंद से सांसद दीया कुमारी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ित युवकों ने आरोपियों को पकड़वाने में सहयोग किया। उसके बाद दोनों युवकों सम्मानित करने वाले लोग ही अब इनका साथ नहीं दे रहे। इनके परिवार और इन्हे हमले की आशंका है, लेकिन सरकार की ओर से सुरक्षा और सहायता नहीं दिए जाने पर यह लाचार हैं। हमने इन्हें व्यक्तिगत रूप से आजीविका चलाने में सहयोग करने का वादा किया हैं।

#### अन्नपूर्णा फूड पैकेट पर उठाए सवाल

वहीं राठौड़ ने सरकार की योजनओं पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट मामले में संस्थागत भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गत बजट राशि करीब 3 हजार करोड़ रुपए खाद्य एंव आपूर्ति विभाग के मद में था। जिसको बढ़ाकर 7 हजार करोड़ का प्रावधान किया और खाद्य आपूर्ति विभाग से बदलकर सहकारिता विभाग कर दिया गया। जिसको लेकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बिना विधानसभा में प्रस्ताव लाए अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का मद परिवर्तन करने पर सीएम को लिखित आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा मिड-डे मील योजना में कॉन्फेड के माध्यम से 200 करोड़ के टेंडर की आड़ में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए 1678 करोड़ के कार्यादिश केवल मिड-डे मील योजना में दिए गए।

---

**कांग्रेस का राजस्थान विवाद**

# यह सब अफवाह है कि पायलट कांग्रेस छोड़ देंगे: वेणुगोपाल

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के अगले कदम को लेकर जारी अटकलों के बीच शुक्रवार को कहा कि यह सब अफवाह है कि पायलट पार्टी से बाहर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सब काल्पनिक सवाल है। यह सब अफवाह है। अफवाहों पर विश्वास मत करिये। कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ेगी।

वेणुगोपाल ने पायलट के अगले कदम से जुड़ी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर नई दिल्ली में कहा कि मैं अफवाहों में विश्वास नहीं करता। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट के साथ चर्चा की तथा उसके बाद हमने कहा था कि हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। यही कांग्रेस पार्टी का रुख है। इसके अलावा कुछ नहीं है। वेणुगोपाल ने यह भी कहना था मैं पायलट के साथ मुलाकात कर रहा हूं, बातचीत कर रहा हूं। गौरतलब है कि हाल ही में कुछ खबरों में कहा गया था कि पायलट जल्द ही अलग पार्टी का गठन कर सकते हैं, हालांकि उनके करीबी सूत्रों का कहना था कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान उन मांगों पर है, जो वह पिछले कुछ महीनों से लगातार उठा रहे हैं।



#### पायलट ने रखी थी तीन मांगें

पायलट ने हाल में तीन मांगें रखी थीं, जिनमें आरपीएससी को भंग कर इसका पुनर्गठन, सरकारी परीक्षा के पेपर लीक होने से प्रभावित युवाओं को मुआवजा देना और वसुंधरा राजे नीत पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच कराना शामिल है।

---

**पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

# पशु चिकित्सा संस्थानों की आधारभूत संरचना को बनाएंगे और बेहतर: भाले

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि पशुपालन राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है, इसीलिए विभाग की प्रत्येक योजना को बेहतरीन तरीके से क्रियान्वयन करते हुए पशुपालकों को लाभान्वित करें। उन्होंने पशु चिकित्सा संस्थानों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य की प्रत्येक पशु चिकित्सा संस्था की आधारभूत संरचना को बेहतरीन बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि पशुपालकों को समस्त विभागीय सुविधाएं सुलभता से उपलब्ध हो सकें।



इस दौरान उन्होंने राज्य में संचालित पशु फार्म की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राज्य में पशुओं की स्थिति व आकंड़ो की जानकारी लेते हुए उष्ट्र संरक्षण योजना को ऊंटों की वंशवृद्धि के लिए बेहतरीन योजना बताया।

उन्होंने कहा कि ऊंटनी के 0-2 माह के टोडिये के जन्म के अवसर पर 5000-5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलने से ऊंटपालकों को आर्थिक सम्बल मिलेगा साथ ही राज्य में ऊंटों की संख्या में वृद्धि हो सकेगी। इसके साथ ही भाले ने केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय नस्लीय सुधार के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में कृत्रिम गर्भाधान, भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक जैसी योजनाएं पशुओं के नस्लीय सुधार में मील का पत्थर साबित हो रही है।

बैठक में पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एन. एम. सिंह, वित्तीय सलाहकार श्री मनोज शांडिल्य सहित विभागीय उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

---

**जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए दिया धन्यवाद**

# सीएम से मिला राजस्थान फार्मेसी काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना तथा निःशुल्क दवा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार की ओर से राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार नवीन संघी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनित करने पर भी सीएम का आभार जताया। इस अवसर पर राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष महावीर सौगानी, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार नवीन संघी सहित राजस्थान फार्मेसी काउंसिल एवं जयपुर कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।



---

**प्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव**

# एक माह से साक्षात्कार का इंतजार कर रहे दावेदार

■ शीर्ष नेतृत्व तय करेगा इंटरव्यू की तारीख

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के अग्रिम संगठन यूथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव परिणाम जारी हुए करीब एक महीना बीत गया है, लेकिन अभी तक प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में चल रहे तीन प्रत्याशियों का साक्षात्कार नहीं हुआ है।

यूथ कांग्रेस के चुनाव परिणाम 12 मई को जारी किए गए थे, जिसमें प्रथम अभिमन्यु पूनियां, दूसरे स्थान पर सुधींद्र मूंड और तीसरे स्थान पर यशवीर सूरा रहे। परिणाम घोषित होने के बाद अब प्रत्याशियों को साक्षात्कार का इंतजार है। इधर सबसे अधिक वोट मिलने के बाद अभिमन्यु पूनियां के प्रदेश अध्यक्ष बनने की चर्चा तेज है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस आलाकमान ने तीनों प्रत्याशियों को साक्षात्कार के बिना ही प्रदेश में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अब शीर्ष नेतृत्व ही साक्षात्कार के लिए तिथि तय कर तीनों दावेदारों को दिल्ली बुलाएगा।



#### विधानसभा चुनावों से पहले होगा चयन

साक्षात्कार में हो रही देरी को प्रत्याशियों के खारिज हुए वोटो से भी जोड़ा जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुधींद्र मूंड, यशवीर सूरा और सतवीर चौधरी ने चुनाव कमेटी से रिजेक्ट हुए वोटों को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई थी, वहीं आलाकमान को भी पत्र और मेल भेजकर अवगत कराया था। सूत्रों के अनुसार आलाकमान विधानसभा चुनावों से पहले यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा कर सकता है।

#### यह रहा था चुनाव परिणाम

चुनाव कमेटी द्वारा जारी परिणाम के तहत अभिमन्यु पूनियां को 2,30,079 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर सुधींद्र मूंड रहे, जिन्हें 1,97,385 वोट मिले। यशवीर सूरा 1,59,640 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे। चुनाव में प्रदेश के 20,01,546 ने ऑनलाइन मेम्बरशिप में भाग लिया था और कुल 19,11,377 ने मेम्बरशिप के लिए शुल्क भुगतान किया। स्क्रीनिंग के बाद करीब 10 लाख 60 हजार वोट को खारिज कर दिया गया था और 7 लाख 60 हजार वोट को वैध गिना गया था।

#### ऐसे चली चुनाव प्रक्रिया


- 11 जनवरी को मेंबरशिप लांच
- 12 से 18 जनवरी तकनॉमिनेशन
- 12 से 19 जनवरी ऑब्जेक्शन
- 20 से 21 जनवरी नॉमिनेशन स्क्रूटनी
- 22 जनवरी को फाइनल नॉमिनेशन
- 28 जनवरी से 26 फरवरी मेम्बरशिप
- 26 अप्रैल से 04 मई तक वोटों की स्क्रूटनी
- 12 मई को चुनाव परिणाम हुए जारी

**नेट बंदी: 2 और 3 मई को मेम्बरशिप के लिए पोर्टल खोला गया था।**

> प्रदेश अध्यक्ष के इंटरव्यू का निर्णय शीर्ष नेतृत्व ही लेगा। यह एक प्रक्रिया है, जिसमें कोई समय सीमा नहीं है। हम आलाकमान के निर्देश के अनुसार काम कर रहें हैं। जल्द ही परिणाम जारी होगा।
>
> **मोहम्मद शाहिद,** प्रदेश प्रभारी युवा कांग्रेस

---

# पुलिस अकादमी में इकाई स्थापित करेगा UNFPA




**बेधड़क** | जयपुर

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) लैंगिक हिंसा के मामलों में पुलिस की कार्रवाई प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में एक इकाई स्थापित करेगा। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि यूएनएफपीए इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि व भूटान की कंट्री डायरेक्टर एंड्रिया वोज्नार इस इकाई का उद्घाटन करेंगी।

इसका उद्घाटन 12 जून को किया जाएगा। इस इकाई की स्थापना का उद्देश्य क्षमता निर्माण और जागरुकता, लैंगिकता आधारित मुद्दों और कानून के संदर्भ में सामग्री तैयार करना आदि है। इकाई में दो तकनीकी विशेषज्ञ या सलाहकार शामिल होंगे।

# कैपिटल बेधड़क

## जरूरी खबर

### कब्रिस्तान में तोड़फोड़, लोगों में आक्रोश



**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट के पश्चिम जिले के करधनी थाना इलाके में स्थित खोरा बीसल कब्रिस्तान में असामाजिक तत्वों की ओर से तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि खोरा बीसल निवासी मुनीर खान ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि कब्रिस्तान बने कमरे में रात के समय किसी असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ करते हुए सीसीटीवी, डीवीआर, लाइट तोड़ दी और कमरे में आग लगा दी। डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि सुबह 5:30 बजे सूचना मिलने के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचीं और अलग-अलग टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी। एडि. कमिश्नर कुंवर राष्ट्र दीप ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### रात की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत रात की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने परकोटे में पहुंचे। उन्होंने करीब 1:30 घंटे तक शहर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को जहां भी कचरा दिखा, वहीं पर रुक कर मौके पर काम कर रहे सफाईकर्मियों से सफाई को लेकर सवाल-जवाब किए। आयुक्त ने सफाईकर्मियों से यह पूछा कि वह कितने घंटे काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह शाम 7 से लेकर 12 बजे तक काम करते हैं। इस पर शेखावत ने जवाब दिया कि वह अगर 5 घंटे भी सही और तन्मयता से काम करेंगे तो लोग उन्हें वाहवाही देंगे और शहर निखर उठेगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**घूसकांड: एसीबी ने चलाया सर्च अभियान, दोनों के खिलाफ दर्ज हुईं दो एफआईआर**

# दिव्या की 123% तो सुमित की 523% आय से ज्यादा प्रॉपर्टी

**बेधड़क | जयपुर**

नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में एसीबी के हत्थे चढ़ी निलंबित आरपीएस अधिकारी दिव्या मित्तल के पास आय के ज्ञात स्त्रोतों से 123.53 फीसदी ज्यादा और सुमित के पास आय से अधिक 523.34 फीसदी ज्यादा संपत्ति मिलने का मामला सामने आया है।

इसके बाद एसीबी ने निलंबित एसओजी की एएसपी दिव्या मित्तल और दलाल सुमित के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का दोनों के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की।



वहीं, शुक्रवार को एसीबी ने दिव्या मित्तल और सुमित के करीब 6 जिलों में ठिकानों पर छापेमारी की और संपत्ति के दस्तावेज सहित अन्य सबूत जुटाए।

एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि जयपुर में 200 फीट बाईपास स्थित दिव्या मित्तल के फ्लैट, झुंझुनूं के चिड़ावा स्थित उसके पैतृक घर, उदयपुर में उसकी द नेचर होटल एंड रिसोर्ट व अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीमों ने छापेमारी की है। वहीं, उसके पैतृक घर को एसीबी ने सील कर दिया है।

### 2009 से पूर्व कुछ भी नहीं था

एसीबी की जांच में सामने आया है कि 2009 से पहले सुमित के पास कुछ नहीं था। वहीं, दिसम्बर 2021 तक उसके 3 अलग-अलग बैंक खातों में मात्र 21 हजार 751 रुपए थे, लेकिन उसने लाखों की संपत्ति बना ली थी। दिव्या से संपर्क में आने के बाद उसके साथ मिलकर उदयपुर में 26 हजार वर्ग फीट में रिसॉर्ट बना लिया था। अपने गांव में भाई के साथ मिलकर मकान बना लिया था। इनकी दोनों की कीमत एसीबी ने 57,41,536 आंकी है, जबकि साल 2008 से 2021 तक सुमित कुमार की वेतन से मिली कुल आय 22,69,991 रुपए थी। इसके बावजूद भी इसने पुलिस विभाग में ड्यूटी उदयपुर और बांसवाड़ा और आबकारी उदयपुर में डेपुटेशन के दौरान अपनी आय अर्जित आय के विरुद्ध 1,19,12,052 रुपए की भ्रष्टाचाार से संपत्ति अर्जित कर ली थी, जो संपत्ति सुमित कुमार की आय के 523.34 प्रतिशत अधिक है।

### 2011 से पहले दिव्या के पास सिर्फ एक बैंक खाता

दिसम्बर 2010 से लेकर 16 जनवरी 2023 तक दिव्या मित्तल ने विभिन्न विभागों में कार्य करते आय 1,51,21,618 रुपए के विरुद्ध 1,86,80,065 रुपए की अनुपातहीन रूप में परिसम्पतियां अर्जित कर ली। 2011 से पहले दिव्या के पास सिर्फ एक बैंक खाता था, जिसमें मात्र 1043 रुपए थे। एसीबी को दिव्या मित्तल के चार बैंक अकाउंट मिले हैं। इन चारों अकाउंट से एसीबी को 4, 90, 798 रुपए मिले। जो दिव्या मित्तल की आय के ज्ञात स्त्रोतों से 123.53 फीसदी ज्यादा हैं। गौरतलब है कि दिव्या ने दलाल सुमित के जरिए 2 करोड़ की रिश्वत की डिमांड की थी।

**गफलत करने वालों को अब डिस्कॉम जांच के बाद ही देगा लाभ**

# फ्री बिजली के डबल प्रॉफिट के लिए कराए 2-2 बार रजिस्ट्रेशन

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना का दोहरा लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं ने एक ही जनाधार से दो और दो से ज्यादा विद्युत कनेक्शनों के रजिस्ट्रेशन करवा डाले। बिलिंग करने वाली कंपनी की जांच में यह गफलत सामने आ रही है।

जयपुर डिस्कॉम बिलिंग एजेन्सी की तरफ से उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार कुछ उपभोक्ताओं ने एक जनाधार से एक से अधिक कनेक्शन का पंजीकरण करवाया है, जिसके अनुसार 68112 जनाधार से 141082 के.नम्बर पंजीकृत हुए हैं। ऐसे में अब जयपुर डिस्कॉम घरेलू उपभोक्ताओं को परीक्षण बाद ही इस योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओ को राहत प्रदान करने के लिए 31 मई को सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट बिजली नि:शुल्क देने की घोषणा की थी। जयपुर डिस्कॉम द्वारा इस घोषणा की पालना करते हुए माह जून, 2023 की शुरू हुई बिलिंग में घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलना प्रारम्भ हो गया है।

**60** फीसदी उपभोक्ताओं ने करवाया जयपुर डिस्कॉम में पंजीयन

**68,112** जनाधार से 1,41,082 लोगों का पंजीकरण




### 100 यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिलना शुरू

मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना (घरेलू अनुदान) में अब 100 यूनिट्स प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होने के साथ ही समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट्स प्रतिमाह से अधिक उपभोग होने पर भी पहले 100 यूनिट्स बिजली निःशुल्क दी जाएगी। इसी प्रकार 200 यूनिट्स प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के पहले 100 यूनिट्स निःशुल्क बिजली के साथ 200 यूनिट्स तक के स्थायी शुल्क, फ्यूल सरचार्ज एवं अन्य सभी शुल्क भी माफ़ होंगे।इधर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि सरकार की योजनओं से प्रदेश में आर्थिक आपातकाल की स्थिति पैदा होगी। प्रदेश में चलाए जा रहे राहत शिविरों को लेकर कहा कि री-रजिस्ट्रेशन के नाम पर प्रदेश के 62.94 लाख लाभार्थी परिवारों का डाटा थर्ड पार्टी को सौंप दिया गया, जिससे इन परिवारों के प्रति सायबर क्राईम, सेक्सटोर्शन और अन्य दुरूपयोग होने का खतरा मंडरा रहा है।

### बिलिंग का कार्य शुरू

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक आरएनकुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना का लाभ दिए जाने के लिए बिलिंग साफ्टवेयर में आवश्क बदलाव कर बिलिंग का कार्य प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की घोषणा के अनुसार एक जनाधार से लिंक एक ही घरेलू विद्युत कनेक्शन पर इस योजना का लाभ दिया जाएगा। कुमावत ने बताया कि जयपुर डिस्कॉम में लगभग 40 लाख 61 हजार घरेलू विद्युत उपभोक्ता है, जिनमें से अभी तक 26 लाख 66 हजार 353 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए मंहगाई राहत कैम्प में पंजीकरण करवाया है।

**यातायात पुलिस अधिकारियों की बैठक**

## पीक ऑवर्स में चालान नहीं, ट्रैफिक मैनेजमेंट पर करें फोकस



**बेधड़क | जयपुर**

यादगार में शुक्रवार को यातायात पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में एडिश्नल कमिश्नर राहुल प्रकाश ने सभी पुलिसकर्मियों को लोगों के साथ विनम्र और शिष्ट व्यवहार करने की हिदायत दी। इसके साथ ही यातायात को सुगम बनाने और शहर के बोटल नेक प्वाईंट चिन्हित कर समाधान करने के दिशा-निर्देश दिए। सुबह-शाम जब शहर में ट्रैफिक अधिक होता है इस दौरान चालान करने की जगह यातायात को सुगमता से संचालित करवाने के आदेश दिए। राहुल प्रकाश ने 2 घंटे तक मंथन करते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार और पुलिसकर्मियों के व्यवहार पर चर्चा की। एडिश्नल कमिश्नर ने बताया कि 1 जुलाई से सभी पुलिसकर्मियों का ड्यूटी प्वाइंट कम्प्यूटर से अलॉट किया जाएगा, जो पहले से चल रही रोटेशन प्रणाली के तहत रहेगा।

## लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

जेएलएन मार्ग पर स्थित डॉ. राधाकृष्णन स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी का स्कूल शिक्षा और भाषा व पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने गुरुवार शाम निरीक्षण किया।

जैन ने निरीक्षण के दौरान निदेशक रजनी सी सिंह, ओएसडी पूनम गुप्ता को पुस्तकालय में आने वाले पाठकों की सुविधाओं के लिए व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय के रख रखाव और इनमें होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अब वॉटसएप ग्रुप बनाए जाएंगे।

**आरजीएचएस स्कीम में पटवारी का फर्जीवाड़ा**

## अपनी जगह भाई का करवा रहा था इलाज

**बेधड़क | जयपुर**

आरजीएचएस स्कीम में एक बार फिर फर्जीवाड़े के मामले का खुलासा हुआ है। जयपुर के मालवीय नगर स्थित अपेक्स अस्पताल में एक पटवारी अपने कार्ड से अपने भाई का इलाज करवाते हुए मिला।

आरजीएचएस की सतर्कता टीम अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंची तो वहां पटवारी के स्थान पर वार्ड में उसका भाई एडमिट होकर इलाज करवाता हुआ मिला। इसके बाद दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि भीलवाड़ा जिले के आसींद में कार्यरत पटवारी संत राम मीणा के आरजीएचएस कार्ड से उसके भाई कमलेश कुमार मीणा को एडमिट कर उपचार किया जा रहा था जो कि नियमों में नहीं था। सरकारी कर्मचारी की इस करतूत के बाद उसके कार्ड को ब्लॉक करके विभागीय कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



वहीं, अस्पताल के डायरेक्टर डॉ.सचिन झंवर ने बताया कि आधार में फोटो का मिलान नहीं हो पाता है, जिसका फायदा उठाकर इस मरीज को भर्ती करवा दिया। कार्डधारक ने जानकारी छिपाते हुए अस्पताल के कर्मचारियों को धोखा दिया है।

**पैदल मार्च आज, खाद्य मंत्री खाचरियावास ने कहा- नहीं होंगे टुकड़े**

## राजधानी एक रहेगी और नाम भी जयपुर ही

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार की ओर से जयपुर शहर का बंटवारा कर दो जिले बनाए जाने की घोषणा के विरोध में और शहर को एक बनाए रखने के लिए 'म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर' अभियान के तहत पैदल मार्च शनिवार को होगा।

सुनील कोठारी ने बताया कि पिछले 3 महीने में किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से हम जयपुर की भावना को सरकार तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। सरकार ने अन्य नए जिलों की घोषणा के बाद वहां ओएसडी लगाए, लेकिन जयपुर और जोधपुर में ऐसा नहीं किया। अब हमारी मांग है कि जयपुर के दोनों नगर निगमों के सभी वार्डों को समाहित करते हुए सरकार शहर को एक रखे। इसका बंटवारा नहीं करे। मार्च से पहले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे, राजधानी एक ही रहेगी और उसका नाम भी जयपुर रहेगा। जयपुर राजस्थान की राजधानी है जयपुर का अपना सम्मान गरिमा और इतिहास रहा है।



पूरा राजस्थान जयपुर को प्यार करता है कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी जयपुर की भावनाओं को समझते हैं, हमारी सरकार जयपुर जिले के दो टुकड़े नहीं कर रही है। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भाजपा के कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए पूरे जयपुर में बेवजह माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि राजधानी जयपुर के टुकड़े किए जा रहे हैं।

**मंत्रालयिक कर्मचारियों की वार्ता विफल**

# वित्तीय मामलों में कमेटी गठन का विरोध, जारी रहेगा आमरण अनशन

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ का महापड़ाव शुक्रवार को 61वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान 15 मंत्रालयिक कर्मचारी महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर हैं, जिनमें से तीन अनशनकारियों की शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर जयपुरिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शुक्रवार को सचिवालय से वार्ता के लिए बुलाए जाने पर अधीनस्थ मंत्रालयिक कर्मचारी नेताओं ने वार्ता की।

महासंघ के कर्मचारियों और प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमंत गेरा व वित्त सचिव बजट रोहित गुप्ता बीच करीब 6 घंटे वार्ता का दौर चला, जो बेनतीजा रहा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने बताया कि सचिवालय में कर्मचारी नेताओं के साथ हुई वार्ता विफल रही।

उन्होंने बताया कि कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव ने वित्तीय समस्याओं के लिए का कमेटी गठित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर कर्मचारियों ने विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने लिखित समझौता किए जाने के बाद ही अपना महापड़ाव समाप्त करने की बात रखी। इस संबंध में सचिवालय में शुक्रवार की शाम 9:20 तक मीटिंगों का दौर चलता रहा। इस वार्ता में कर्मचारी महासंघ प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राना, प्रदेश महामंत्री विपिन प्रकाश शर्मा शामिल रहे।



### खाचरियावास को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों ने मांगो को लेकर शुक्रवार सुबह सिविल लाइन स्थित खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा। मंत्रालयिक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि कर्मचारियों की मांग वाजिब है। खाचरियावास ने वित्त सचिव से फोन पर वार्ता कर मांगों का शीघ्र निस्तारण के लिए कहा। प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने कहा कि स्वयं को संवेदनशील और गांधीवादी कहलाने वाली सरकार अभी तक कर्मचारियों की सुध नहीं ले रही है।

### कर्मचारी नेता फिर महापड़ाव पर

सचिवालय में वार्ता विफल होने के बाद कर्मचारी नेता फिर से महापड़ाव स्थल पर जुट गए। नेताओं ने बताया कि जब तक सरकार कर्मचारियों की मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होंगे तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। कर्मचारियों की मांगों पर कमेटी गठन को लेकर विरोध जताया। चौधरी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर हर बात कमेटी गठित कर देती हैं, जिसका नतीजा कई वर्षों तक नहीं आता। कर्मचारियों के लिए बनाई गई खेमराज कमेटी की रिपोर्ट भी अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया। ऐसे में अब कर्मचारियों का कमेटी गठन को लेकर भरोसा उठ गया है।

## जरूरी खबर

### बाड़े में आया 12 फीट लम्बा अजगर, ग्रामीणों में दहशत



**राजसमंद।** जिले के साकरोदा गांव में 12 फीट लंबा अजगर आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना पर स्नेक कैचर नवीन गहलोत मौके पर पहुंचे और अजगर को रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया। सरपंच किशन गुर्जर ने बताया कि गच्छालो की भागल में धर्मेश गुर्जर के बाड़े में 12 फीट लम्बा अजगर दिखाई दिया। इसकी सूचना पीपरड़ा के वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत को दी। इस पर गहलोत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने अजगर को पकड़ कर बोरी मे बंद किया और वापस जंगल मे सुरक्षित छोड़ा गया।

### अलवर में कुल्फी खाने से 65 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**अलवर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के खुर्द गांव में गुरुवार शाम को कुल्फी खाने के बाद करीब 65 बच्चे बीमार हो गए। अलवर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि खुर्द गांव में एक आइसक्रीम विक्रेता से कुल्फी खाने के बाद 65 बच्चों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर अलवर, बांदीकुई और राजगढ़ अस्पताल ले जाया गया। 50 बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि करीब 15 बच्चों को भर्ती कर उपचार किया गया। शुक्रवार सुबह तबीयत में सुधार होने पर उन बच्चों को भी घर भेज दिया गया। कुल्फी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

### घर की दीवार पर चलता नजर आया बाघ का शावक



**अलवर।** शहर से लगे बाला किला बफर जोन के जंगल में चार बाघों को घूमते देखा गया, जिसमें दो बाघ और दो शावक शामिल थे। इनमें से बाघ का एक शावक शहर के भूरासिद्ध जंगल के पास चेतन एनक्लेव कॉलोनी में एक घर की दीवार पर चलता नजर आया। ये पूरा दृश्य घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से बाघ के मूवमेंट के बारे में जानकारी ली। वहीं, सोशल मीडिया पर भी कॉलोनी में शावक के घूमने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसके चलते लोगों में दहशत का माहौल है।

---

**नेताजी के बिगड़े बोल:** संवाददाता के सवाल करने पर हुए आग बबूला, खुलेआम दे डाली धमकी 'आग लगा दूंगा'

# 'सच बेधड़क' के सवालों पर भड़के पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी

■ पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने कर रहे थे प्रदर्शन

**बेधड़क** | बीकानेर

प्रदेश में चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे ही नेताओं की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। अपने वर्चस्व को दिखाने के लिए नेताओं ने कमर कस ली है और अलग-अलग तरीके से शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं।

ऐसे ही एक प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी से जब सवाल-जवाब किए गए तो वे भड़क उठे। पूर्व मंत्री भाटी को



'सच बेधड़क' के सवाल इस कदर चुभे कि उन्होंने खुलेआम संवाददाता को ही धमकी दे डाली। देवी सिंह भाटी ने संवाददाता को कहा कि कंठ पकड़कर यहीं लंबा कर दूंगा, किसी के भरोसे मत रहना। चुनाव आ गया है तो क्या मैं चुनाव के हिसाब से बोलता हूं, बकवास करते हो... क्या इस तरीके की बातें करते हुए शर्म नहीं आती? मैं चुनाव से या वोट से तौलता हूं, अपने काम को। आग लगा दूंगा ऐसी बात की तो। दिखा देना, जहां दिखाना है। नेता के इस रवैये की अब हर कोई निंदा कर रहा है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर एक नेता ही पत्रकारों को इस तरह धमकी देगा तो फिर आम जनता का क्या होगा? दरअसल, पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी सड़कों की खराब हालत को लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। भाटी ने खस्ताहाल सड़कों को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से कहा कि समय रहते सड़कों की हालत नहीं सुधरी तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। तभी भीड़ में मौजूद पूर्व मंत्री भाटी से 'सच बेधड़क' के बीकानेर ब्यूरो चीफ श्याम मारू ने सवाल किए कि चुनावी साल है, ऐसे में क्या इसे चुनावी शक्ति प्रदर्शन माना जाए? इस पर भाटी बुरी तरह भड़क गए और संवाददाता को आग लगा देने तक की धमकी दे डाली।

#### मेघवाल को टिकट पर छोड़ी भाजपा

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से भाटी के मतभेद भी रहे हैं, लेकिन बाद में वे वसुंधरा राजे के करीबी हो गए। भाटी के पुत्र महेंद्र सिंह भाटी 1996 में सांसद बने। 2003 में सड़क दुर्घटना में महेंद्र सिंह का निधन हो गया। बेटे की असमय मौत ने देवी सिंह भाटी को तोड़ दिया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले मार्च में पूर्व मंत्री भाटी ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लोकसभा चुनाव में टिकट देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए भाजपा छोड़ दी थी। पिछले साल अक्टूबर में भाटी ने वसुंधरा राजे के बीकानेर दौरे के समय भाजपा में आने का खुद ही ऐलान कर दिया था, लेकिन बाद में भाजपा ने इसे अनुशासनहीनता के तौर पर देखा। इसके बाद भाटी की भाजपा में वापसी को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

#### लोकतंत्र का अपमान बर्दाश्त नहीं: कांग्रेस

भाटी की धमकी पर कांग्रेस प्रवक्ता आर. सी. यादव ने कहा कि पत्रकार एक व्यक्ति नहीं होता है, वह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार जनता की आवाज को नेताओं तक पहुंचाता है। पत्रकार का नेता और सरकारी अफसरों से सवाल पूछने का अधिकार है। सवाल पूछने पर धमकी देने वाले ऐसे नेताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। लोकतंत्र का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है।

#### IAS को थप्पड़ मारने पर गया था मंत्री पद

देवी सिंह भाटी बीकानेर के दिग्गज नेताओं में शुमार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। साल 1980 से लगातार सात बार विधायक और तीन बार मंत्री रह चुके हैं। भैरों सिंह शेखावत की सरकार में मंत्री रहते हुए आईएएस बीके सिंह को थप्पड़ मारने के मामले में भाटी को मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने जाटों को आरक्षण देने के विरोध में 2003 में सामाजिक न्याय मंच पार्टी का गठन कर विधानसभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भाटी तो जीत गए, लेकिन उनके सारे प्रत्याशी हार गए थे।

---

**नशे पर नकेल:** फलोदी पुलिस ने की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार

# गुजरात ले जाई जा रही पचास लाख की अवैध शराब बरामद

■ दो तस्कर गिरफ्तार, 680 कार्टन बरामद किए

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेश में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में जोधपुर की फलोदी थाना पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा है। इसमें 50 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की गई है। अवैध शराब को पंजाब से गुजरात ले जाया जा रहा था।

इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि यूपी नंबर के ट्रक में अवैध शराब भरी हुई है, जो नेशनल हाईवे-11 पर बाप से फलोदी की तरफ आ रहा है। पुलिस ने इस सूचना पर इलाके में नाकाबंदी करवाई।

एएसपी कैलाश दान जुगतावत के सुपरविजन में सीओ रामकृष्ण मलिंडा ने टीम बनाई। फलोदी थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में टीम ने हाईवे पर यूपी नंबर के ट्रक को रुकवाया और तलाशी ली। ट्रक में वर्मी कंपोस्ट खाद के नीचे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के कुल 680 कार्टन बरामद किए गए। शराब की बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई है।



#### नशे का नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने के आरोप में पुरुषोत्तमदास नट (40) निवासी घीसरपुरी पुलिस थाना इंदरी जिला करनाल हरियाणा और संदीप कुमार (32) पुत्र धर्मवीर नट निवासी नौरता पुलिस थाना इंदरी जिला करनाल हरियाणा को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब को पंजाब से हरियाणा होते हुए गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस आरोपियों से अवैध शराब नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी राकेश ख्यालिया, हेड कांस्टेबल बाबू राम, गोपाल सिंह, कांस्टेबल सुरेश भंवरलाल, कमलेश की अहम भूमिका रही।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से 30 लाख का डोडा-चूरा पकड़ा

**अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार**

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली से 950 किलो से अधिक डोडा-चूरा जब्त किया है।

इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर चालक भागने में सफल रहा। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। अब ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। जब्त डोडा चूरा की बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा के सहायक आयुक्त विजय सिंह मीणा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीमच जिले के जावद थाना अंतर्गत दिकैन का एक व्यक्ति भूसे की आड़ में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बड़ी मात्रा में डोडा-चूरा ले जाने वाला है और यह माल निकटवर्ती रावतभाटा इलाके में आने वाले वन क्षेत्र के गांवों टोलो का लुहारिया और हमीरगंज में सप्लाई किया जाना है। इस पर तत्काल सीबीएन कोटा के अधिकारियों का दल गठित कर देर रात मौके के लिए भेजा गया। टीम की ओर से संदिग्ध क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रखी गई और सीबीएन अधिकारियों द्वारा वाहन की पहचान के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन क्षेत्र में रोक दिया गया। ट्रैक्टर का चालक वन क्षेत्र में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

---

**देर रात हुआ भीषण हादसा**

## बाइक पर पलटी बेकाबू कार, दंपती की मौके पर ही मौत



**बेधड़क** | उदयपुर

झीलों की नगरी उदयपुर में गुरुवार देर रात को एक भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। देर रात को ईसवाल-कुंभलगढ़ मार्ग पर अंबा गुरु संस्थान के पास तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर बाइक पर पलट गई।

हादसे में बाइक सवार नाथूलाल (55) पुत्र दौलाराम मेघवाल और उसकी पत्नी रत्नी बाई की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में सामने से आई तेज रफ्तार सफारी कार अनियंत्रित होकर बाइक के ऊपर पलट गई। इस हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार कार चालक नशे में धुत था। हादसे में वो भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एम्बुलेंस की मदद से उदयपुर अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया और ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में लोसिंग रोड को जाम कर दिया और कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए।

हादसे की सूचना मिलने पर गोगुंदा थानाधिकारी कमलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को गोगुंदा सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। जाम की सूचना मिलने पर गिर्वा डिप्टी भूपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश की।

---

**देवगढ़ रेलवे स्टेशन पर** घंटों फंसे रहे यात्री

## मावली-मारवाड़ ट्रेन का इंजन फेल

**बेधड़क** | राजसमंद

देवगढ़ के पास कुआथल के रेलवे स्टेशन से सुबह 10.30 बजे गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेन मावली मारवाड का इंजन शुक्रवार को फेल हो गया। जैसे-तैसे एक किलोमीटर देवगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को लाया गया। इसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

काफी देर तक यात्रियों को एक ओर जहां भीषण गर्मी में जूझना पड़ा, वहीं यात्रियों को अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंचने में भी काफी देरी हो गई। ट्रेन का इंजन खराब होने के बाद ट्रेन ड्राइवर ने भी इसकी पड़ताल की, लेकिन उन्होने इंजन की खराबी के कारण दूसरा इंजन मंगवाने का आदेश दिया। ऐसे में मावली जंक्शन से इंजन मंगवाया गया। जानकारी के अनुसार 4 घंटे देरी से इंजन देवगढ़ पहुंचा।

इंजन को पीछे लगाकर कामलीघाट लाया गया। सामने से आने वाली ट्रेन 2.40 बजे कामलीघाट पहुंची। दोनों ट्रेन को क्रोसिंग करवाकर करीब 3.50 बजे कामलीघाट से रवाना किया गया। करीब 5 घंटे बाद कामलीघाट रेलवे स्टेशन से फिर से ट्रेन को अपने गतंव्य स्थान के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के लेट पहुंचने के चलते आगे की ट्रेन छूटने से लोगों को अलग-अलग साधनों से निकलना पड़ा।




---

**संघ के शिक्षा वर्ग समापन समारोह** में बोले बौद्धिक शिक्षण प्रमुख

## जातिगत भेदभाव दूर करने की जरूरत

**बेधड़क** | हिंडौन सिटी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख स्वांतरंजन ने कहा कि समाज जब संगठित होता है तो उसका परिणाम दिखता है। संघ ने हिन्दू समाज को संगठित किया है।

उसके परिणाम हैं राम मंदिर बन रहा है और धारा 370 हटी है। हिन्दू एक ताकत है, लेकिन अभी भी समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव दूर करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि देश के समक्ष जो चुनौतियां हैं उनका निवारण समाज जागरण से संभव है। आज एकरस समाज बनाने की आवश्यकता है। स्वांतरंजन ने यह विचार संघ शिक्षा वर्ग समापन के अवसर पर व्यक्त किए। आदर्श विद्यामंदिर विद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष (सामान्य) का समापन शुक्रवार शाम को हुआ।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने दंड युद्ध, नियुद्ध, यष्टि, योग और पद संचलन का प्रदर्शन किया। इस दौरान दंड योग का भी प्रदर्शन किया गया। समारोप कार्यक्रम में हिंडौन और आस-पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाए और पुरुष शामिल हुए। वर्ग कार्यवाह गेंदालाल ने बताया कि 252 शिक्षार्थियों ने 20 दिन तक विद्यालय परिसर में रहकर यह प्रशिक्षण पूर्ण किया है। इस दौरान स्वयंसेवक मोबाइल से दूर रहकर राष्ट्रीय विचार के शिक्षण में लीन रहे।

वर्ग में तीन दिवस तक सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी स्वयंसेवकों के साथ रहे। वहीं 20 दिनों में 7 हजार 200 परिवारों से वर्ग में भोजन का सहयोग प्राप्त हुआ।




---

**कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार**

# करोड़ों की जमीन हथियाने के मकसद से सिर में गोली मार की थी हत्या

**बेधड़क** | बारां

तलवाड़ा रोड पर बुधवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा के सिर में गोली मारकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्याकांड में शामिल आरोपी राजेंद्र मीणा उर्फ राजू मुंडला पुत्र रामस्वरूप निवासी मुंडला बिसौती और रामकुंवार मीणा पुत्र बिहारीलाल निवासी हरनावदा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया बुधवार, 7 जून को तलवाड़ा रोड पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा को गोली मारी गई थी। इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई। गौरव के जीजा नीरज नयन शर्मा की ओर से इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें बताया था कि 7 जून की सुबह राजू मुंडला और राम कुंवार मीणा ने उसके साले गौरव को जान से मारने की धमकी दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

घटना के खुलासे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम की ओर से तकनीकी अनुंसधान कर घटना का खुलासा करते हुए गुरुवार को आरोपी राजेन्द्र मीणा उर्फ राजू मूंडला व रामकुंवार मीणा को देवपुरा के माल से गिरफ्तार किया गया। दोनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया की घटना में प्रयुक्त हथियार उन्होंने साल 2014 में किसी हथियार तस्कर से खरीदा था।



#### सेटलमेंट के नाम पर गौरव को बुलाया

आरोपी राजेन्द्र मीणा ने अपने साथी रामकुंवार मीणा को राजसमन्द से हथियार लेकर बुलाया। दोनों ने घटना के एक दिन पहले शाम को गौरव की हत्या करने की साजिश रची। इसके अनुरूप 7 जून को इन्होंने गौरव शर्मा को सेटलमेंट के लिए तलवाडा रोड की जमीन पर बुलाया, जहां झगडा होने पर आरोपियों ने गौरव के सिर मे गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए खुद का मोबाइल अपने घर पर रखकर कोटा ग्रामीण में देवपुरा के माल में अपने रिश्तेदारी में जाकर छुप गए, लेकिन वे पुलिस से नहीं बच सके। पुलिस ने मामले की जांच को आगे बढ़ाकर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आसूचना तंत्र एंव तकनीकी मदद से आरोपियों को ढूंढ निकाला और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

#### करोड़ों की जमीन हड़पने के लिए की वारदात

आरोपी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू मूण्डला ने उसी 5 बीघा जमीन का ऐग्रीमेंट अपने नाम करवा लिया, जिस जमीन का एग्रीमेंट मृतक गौरव शर्मा के नाम था। आरोपी दबाव और डर दिखाकर गौरव से उस एग्रीमेंट को नष्ट कराना चाहता था। वर्तमान मे यह जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। आरोपी ने रामकुंवार मीणा को भी आधा बीघा जमीन देने का लालच देकर साजिश में शामिल कर वारदात को अंजाम दिया।

#### सरकार जिंदा होने का अहसास कराए: राजे

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कांग्रेस पर एक बार फिर जुबानी हमला बोला हैं। शुक्रवार को राजे ने राज्य सरकार को घेरते हुए एक ट्वीट किया है। इसमें लिखा है कि राज्य में जिस पार्टी की सरकार है, उसके नगर अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हर कोई स्तब्ध है, सरकार मौन है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब राजस्थान में सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी ही सुरक्षित नहीं है, तो फिर आम आदमी की सुरक्षा का जिम्मा कौन उठाएगा? आखिर कब तक यह सरकार प्रदेश के जंगलराज पर अपने थोथे दावों का मुखौटा लगाकर घूमेगी? सरकार जिंदा है तो जिंदा होने का एहसास कराएं।

#### शेखावत ने उठाए सवाल

बारां के कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा की हत्या को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नगर अध्यक्ष को कांग्रेस के ही महासचिव द्वारा गोली मार दिया जाना समाज को स्तब्ध, आतंकित और उद्वेलित करने वाली घटना है। सबसे बड़ा सवाल है कि क्या गहलोत जी वर्तमान स्थिति के लिए स्वयं को जिम्मेदार नहीं मानते? शेखावत ने कहा कि जनता, जनप्रतिनिधि, पत्रकार यहां तक कि कांग्रेस के सदस्य भी इसका जवाब चाहते हैं।

**REET लेवल-2 : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी किया अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी और सिंधी सब्जेक्ट का रिजल्ट**

# एक ही दिन में चार विषयों के रिजल्ट का इंतजार खत्म, अब दो शेष


बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने शुक्रवार को एक साथ रीट लेवल-2 के चार विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया। बोर्ड ने रीट लेवल-2 अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी और सिंधी विषय का रिजल्ट जारी कर पदों से दोगुने अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है।

डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के बाद पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी जाएंगी। अंग्रेजी के 8782, उर्दू के 806, पंजाबी के 272 और सिंधी विषय के 9 पदों के लिए दोगुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

नियुक्ति 15 अगस्त तक दिए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने अब तक लेवल-1 और लेवल-2 के 6 विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया है।

शेष रहे हिंदी व संस्कृत विषय का परिणाम भी अगले सप्ताह जारी किया जा सकता है। इसके बाद जून महीने में ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।



### जल्द जारी होगी फाइनल आंसर की

चार विषयों का रिजल्ट जारी होने के बाद अब अभ्यर्थियों को इन विषयों की फाइनल आंसर की का इंतजार है। बोर्ड इससे पहले लेवल-1 और लेवल-2 के 3 विषयों में कुल 14 सवाल डिलीट कर चुका है। अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी व सिंधी के पेपर से भी यदि सवाल डिलीट किए जाते हैं तो प्रकाशित सूची में फेरबदल हो सकता है।

**कटऑफ- इंग्लिश**

| | |
|---|---|
| सामान्य | 195.0623 |
| ओबीसी | 179.5511 |
| ईडब्ल्यूएस | 174.4985 |
| एमबीसी | 145.7495 |
| एससी | 149.1216 |
| एसटी | 105.4664 |

**कटऑफ- उर्दू**

| | |
|---|---|
| सामान्य | 187.6667 |
| ओबीसी | 180.3849 |
| ईडब्ल्यूएस | 167.4722 |
| एमबीसी | 56.3333 |
| एससी | 41.5238 |
| एसटी | 48.7143 |

**कटऑफ- पंजाबी**

| | |
|---|---|
| सामान्य | 202.8088 |
| ओबीसी | 196.8929 |
| ईडब्ल्यूएस | 181.2972 |
| एमबीसी | 134.5374 |
| एससी | 184.2742 |
| एसटी | 118.7362 |

**कटऑफ- सिंधी**

| | |
|---|---|
| सामान्य | 191.7627 |
| ओबीसी | 188.7006 |
| ईडब्ल्यूएस | NA |
| एमबीसी | NA |
| एससी | 122.6554 |
| एसटी | 67.4011 |

## Yuva स्टोरीज



**MITS में प्लेसमेंट ड्राइव, 6 स्टूडेंट सलेक्ट | जयपुर।** एनआईआईटी के तत्वावधान में आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट में एमआईटीएस, जाडन के छह विद्यार्थियों का प्रथम चरण में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए चयन हुआ। एनआईआईटी, गुरुग्राम की ओर से शुक्रवार को इस पद के लिए चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण का आयोजन एमआईटीएस जाडन में किया गया था, जिसमें 7 विद्यार्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में चियाना श्रीमाली, हिमांशी सोनी, सुशीला सीरवी, आनंद कुमार, महेश कुमार व अमित कुमार शामिल हैं।




**आईआईएस यूनिवर्सिटी को 2.06 करोड़ का क्यूरी प्रोजेक्ट मंजूर | जयपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आईआईएस यूनिवर्सिटी को महिला शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए 2.06 करोड़ रुपए का क्यूरी प्रोजेक्ट मंजूर किया गया है। प्रो. रामफूल शर्मा के निर्देशन में प्राप्त इस प्रोजेक्ट का शीर्षक 'कोर रिसर्च ग्रांट टू आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर अंडर क्यूरी' है। इस प्रकार का प्रोजेक्ट जयपुर शहर में किसी शैक्षिक संस्थान को पहली बार मिला है। चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग नॉलेज इन्वाल्वमेंट इन रिसर्च एडवांसमेंट थ्रू नर्चिंग (किरण) योजना के तहत महिला वैज्ञानिकों एवं प्रोद्यौगिकीविदों को विभिन्न कॅरिअर अवसर उपलब्ध कराता है।

इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय को विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी की विशिष्ट शाखाओं जैसे नैनो टेक्नोलॉजी, नैनो साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोटेक्नोलॉजी,भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं जन्तु विज्ञान की प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने एवं सुसज्जित करने में सहायता मिलेगी।




**IIIM में आईटी के नए ट्रेंड्स पर सेमिनार | जयपुर।** मानसरोवर स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैम्पस में 'रीसेंट ट्रेंड्स इन आईटी' विषयक सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता ग्लोबल डिलीवरी एंड इंडिया के को फाउंडर मनोज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में हो रहे विभिन्न नवाचारों की जानकारी दी। अग्रवाल ने अपने तकनीकी क्षेत्र के लगभग दो दशक के विभिन्न अनुभव स्टूडेंट्स के साथ शेयर किए। उन्होंने आईओटी, बिजनेस इंटेलिजेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस सरीखे विषयों पर चर्चा की और इनसे संबंधित कॅरिअर ऑप्शंस बताए। सेमिनार में सौ से अधिक विद्यार्थियों व फैकल्टीज ने हिस्सा लिया। अंत में प्राचार्य डॉ.मंजू नायर ने आभार जताया।

**नेशनल स्कूल गेम्स: प्रदेश के खिलाड़ी छाए**

# ताश्री ने मारा गोल्डन पंच सुमित की स्वर्णिम उड़ान



बेधड़क | जयपुर

भोपाल और नई दिल्ली में चल रहे 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान की स्कूलों के होनहार खिलाड़ियों की स्वर्णिम सफलता का सिलसिला बदस्तूर जारी है। भोपाल के तात्या टोपे खेल स्टेडियम में जयपुर की ताश्री मेनरिया ने बॉक्सिंग की हैवीवेट कैटेगरी में गोल्डन पंच मारा और चुरू के सुमित कुमार ने डिस्कस थ्रो स्पर्धा में स्वर्णिम उड़ान भरी। नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में भीलवाड़ा की माया माली ने कुश्ती में गोल्डन दांव खेला।

इस तरह राजस्थान के की स्कूलों के खिलाड़ी नेशनल स्कूल गेम्स में 5 गोल्ड जीत चुके हैं। साथ ही अब तक 6 सिल्वर व 9 ब्रॉन्ज मेडल प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं। नेशनल स्कूल गेम्स में एक के बाद एक सफलताओं पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, स्कूल शिक्षा सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद और आयुक्त डॉ. मोहनलाल यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में भोपाल, ग्वालियर और नई दिल्ली में एक साथ आयोजित हो रही विविध खेल स्पर्धाओं में राजस्थान के खिलाड़ी अलग-अलग स्पर्धाओं में शिरकत कर रहे हैं।

### तीन गोल्ड, चार सिल्वर से बढ़ा प्रदेश का मान

भोपाल में एथलेटिक्स के तहत डिस्कस थ्रो इवेंट में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़, चूरू के सुमित कुमार ने 57.92 मीटर तक तश्तरी फेंक स्वर्ण पदक जीता। मधु बाल निकेतन, मानसरोवर, जयपुर ताश्री मेनारिया ने हैवीवेट बॉक्सिंग में और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाषनगर, भीलवाड़ा की माया माली ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीते। वहीं भीलवाड़ा के विकास विश्नोई ने कुश्ती, जयपुर की यामिनी कंवर ने मुक्केबाजी, उदयपुर के आमिल अली ने बॉक्सिंग में रजत पदक जीते। ताइक्वांडों में कोटा की कशिश शक्तावत ने राजस्थान को रजत पदक दिलाया।





### इनको मिले ब्रॉन्ज मेडल्स

हेमर थ्रो स्पर्धा में चुरू के आकाश, कुश्ती में भरतुपर के मोहन, बॉक्सिंग में जोधपुर के संकल्प लवानिया, जोधपुर के रितिक सिवाच और अमन घिटेला, वेटलिफ्टिंग में अलवर की सलोनी सैनी व ताइक्वांडो में जयपुर के जनक सोनी ने कांस्य पदक हासिल किए। भोपाल में राजस्थान की 4 गुणा 400 रिले टीम ने एथलेटिक्स में भी कांस्य पदक जीता। इस टीम में हनुमानगढ़ के हरविंद्र सिंह, नागौर के परमेश्वर लाल, चुरू के राकेश रूइल, जोधपुर के पप्पूराम की भागीदारी रही।

**For Your फोकस**



**एमए हिस्ट्री, पॉलिटिकल का तोहफा**

## ब्रह्मपुरी राजकीय कॉलेज में अब साइंस फैकल्टी

बेधड़क | जयपुर

कंवर नगर ब्रह्मपुरी में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय व गणित समूह भी प्रारंभ हो गया है। साथ ही इस कॉलेज को पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर इतिहास व राजनीति विज्ञान विषय में क्रमोन्नत कर दिया गया है। राजस्थान सरकार की बजट घोषणा-2023 की अनुपालना में सत्र 2023-24 से ये दोनों सुविधाएं महाविद्यालय में शुरू हो गई हैं। सह-शिक्षा के अंतर्गत संचालित इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय प्रारंभ करने और इतिहास व राजनीति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर में क्रमोन्नत किए जाने से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों में हर्ष की लहर है। हवामहल विधानसभा क्षेत्र में सह-शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रूप में क्रमोन्नत किए जाने पर महाविद्यालय स्टाफ ने राज्य सरकार व स्थानीय विधायक और मंत्री डॉ. महेश जोशी का आभार व्यक्त किया है। महाविद्यालय का नवनिर्मित भवन परिसर अत्याधुनिक स्मार्ट कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं ऑडिटोरियम से सुसज्जित है।




**पत्रकारिता विवि में 12 जून से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया | जयपुर।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया 12 जून से शुरू होगी। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट hju.ac.in पर उपलब्ध होंगे। अंतिम तिथि 10 जुलाई रहेगी। कुलपति डॉ. सुधि राजीव ने बताया कि आगामी अकादमिक सत्र से पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित होंगे। मीडिया क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए पाठ्यक्रमों में लगातार नवाचार कर रहे हैं। इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे कोर्स पाठ्यक्रमों में शामिल किए जा रहे हैं। पत्रकारिता और जनसंचार में तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (बीए-जेएमसी) के साथ ही मीडिया स्टडीज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन और जनसंपर्क, न्यू मीडिया और विकास संचार में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध रहेंगे।


**अवेयरनेस** **RSSDI की ओर से 'केस बेस्ड डिस्कशन इन डायबिटीज' सीरीज शुरू**

# डायबिटीज की गंभीरता पर चर्चा के लिए ऑनलाइन जुटे डॉक्टर्स

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के फिजीशियन्स, रेजीडेंट्स और इंटरनिस्ट्स ने डायबिटीज की लेटेस्ट केस स्टडीज के माध्यम से इस रोग के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझा। मौका था डायबिटीज सोसाइटी राजस्थान चैप्टर की ओर से वर्चुअल सीएमई के तहत डायबिटीज केस सीरीज के प्रथम सत्र का। राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष व कोटा के सीनियर फिजिशियन डॉ. गिरीश माथुर ने बताया कि फिजिशियन्स, रेजीडेंट्स और इंटरनिस्ट्स में डायबिटीज के मरीजों के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर महीने डायबिटीज केस सीरीज का वर्चुअल सीएमई के माध्यम से आयोजन किया जाएगा। प्रथम सत्र में लगभग 70 डेलिगेट्स ने भाग लिया। इस वर्चुअल सीएमई के गेस्ट ऑफ ऑनर एपीआई व राजस्थान आरएसएसडीआई के पूर्व अध्यक्ष व कोटा के सीनियर फिजिशियन डॉ. केके पारीक थे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि आरएसएसडीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बीएम मक्कर, सेक्रेटरी डॉ. संजय अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष डॉ. वसन्त कुमार थे।

डॉ. पारीक ने कहा कि रेजीडेंट्स व इंटरनिस्ट्स को अधिकाधिक संख्या में इस कार्यक्रम का लाभ उठाना चाहिए जिससे डायबिटीज के रोगियों को वे बेहतर उपचार प्रदान कर सकें। डॉ पारीक ने डॉ. गिरीश माथुर को इस सीएमई सीरीज की शुरुआत के लिए साधुवाद दिया।




### पैनल डिस्कशन में हुई DKA पर चर्चा

सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ. जीडी रामचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. प्रकाश केसवानी के निर्देशन में डायबिटिक कीटोएसिडोसिस विषय पर विस्तृत केस बेस्ड पैनल डिस्कशन किया गया। इसमें जयपुर के सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. अजय शाह, पाली से डॉ. नीरज लोढ़ा, बीकानेर से डॉ. सुरेंद्र कुमार व अजमेर से डॉ. संजीव माहेश्वरी ने पैनलिस्ट के तौर पर भाग लिया।

### गंभीर है डायबिटिक कीटोएसिडोसिस का खतरा



डायबिटिक कीटोएसिडोसिस (DKA) मधुमेह रोगियों को होने वाली एक गंभीर समस्या है। शरीर में केटोन्स नामक ब्लड एसिड की उच्च मात्रा के उत्पादन की स्थिति में यह समस्या होती है। यह स्थिति तब विकसित होती है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता है। टाइप 1 डायबिटीज वाले लोगों में यह समस्या बहुत आम है। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में डायबिटिक कीटोएसिडोसिस के मामले तुलनात्मक रूप से कम देखने को मिलते हैं। खून और पेशाब की जांच के माध्यम से कीटोन्स के स्तर का पता लगाने में मदद मिलती है।

### एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा अच्छा कदम

# सुनिश्चित खरीद बड़ा दायित्व



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रु. की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केंद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। हालांकि विचारणीय प्रश्न और किसान संगठनों के आंदोलन का एक प्रमुख कारण कि जिस तरह से सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है। ठीक इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित कर दें कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से मंडी में भाव कम आएं तभी सरकारी खरीद बिना किसी न नुकर के आरंभ हो जाएं। इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाए तो फिर एमएसपी का अन्नदाता को पूरा पूरा लाभ मिल सकता है।

दरअसल यक्ष प्रश्न यह हो गया है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। खासतौर से खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आरंभ हो जाती है व कभी मांग यूं ही निकल जाती है। सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की और ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलन के चलते जो सबसे महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गारंटी को लेकर है। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके, इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त, 1964 को एल के झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की ओर कदम बढ़ाए। केंद्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी।

आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। मुख्य तौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केंद्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है, तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हेक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भंडारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरें में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है।

देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब राजस्थान प्रमुख सरसों उत्पादक प्रदेश होने के कारण प्रायः एक साल छोड़कर दूसरे साल एमएसपी की खरीद की आवश्यकता महसूस होती थी। बाजार व्यवस्था का अध्ययन करें तो यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करते हुए बाजार में भावों में हल्की तेजी तत्काल देखने को मिल जाती थी।

इसी तरह से एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते-होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते-होते मंडियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे, पर करीब एक दशक से स्थितियों में तेजी से बदलाव आया है। मानें या न मानें पर यह काफी हद तक सही है कि एमएसपी खरीद व्यवस्था में अब निजी खरीदारों की भागीदारी बढ़ गई है। इस आरोप को सिरे से नकारा नहीं जा सकता कि छोटे किसानों से उनकी फसलों को कम दामों में खरीद कर उनके नाम से एमएसपी पर खरीद केंद्रों पर बेचकर किसान के नाम पर उसका लाभ बिचौलिए लेने लगे हैं। यही कारण है कि इस तरह के उदाहरण आम हैं कि कई स्थानों पर उस क्षेत्र में कुल पैदावार से भी अधिक की खरीद एमएसपी पर देखने को मिल जाती है। दरअसल पंजाब, हरियाणा आदि की तरह अब कुछ स्थानों पर अन्यों के माध्यम से खरीद होने लगी है और इस दखल का सीधा परिणाम आए दिन शिकायतों के रूप में देखा जा सकता है। सवाल यह है कि केंद्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फुलप्रुफ बनाना सुनिश्चित कर दें और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मंडियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ कर दें तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। असल में अन्नदाता को एमएसपी का लाभ दिलाना सरकारों का दायित्व है, तो व्यवस्था को प्रभावित करती बाजार की ताकतों को भी व्यवस्था से हटाने का दायित्व सरकारों का हो जाता है। ऐसे में एमसएपी खरीद व्यवस्था का लाभ अन्नदाता को ही मिले यह व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। तभी एमएसपी घोषित करने के मायने सार्थक कहे जा सकेंगे, वरना किसानों और सरकारों के बीच विवाद तो बना ही रहेगा एमएसपी भी सही मायने में अपने उद्देश्यों पर खरी नहीं उतर सकती।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



> *किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके, इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एल के झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की ओर कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।*

> *दरअसल पंजाब, हरियाणा आदि की तरह अब कुछ स्थानों पर अन्यों के माध्यम से खरीद होने लगी है और इस दखल का सीधा परिणाम आए दिन शिकायतों के रूप में देखा जा सकता है। सवाल यह है कि केंद्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फुलप्रुफ बनाना सुनिश्चित कर दें और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मंडियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ कर दें तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है।*

### व्यंग्य

# पढ़ना छोड़, पढ़ाना सीख



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

साहित्य की पवित्र नदी में डुबकी लगाने वाला कलमकार उससे पार पाने की अधूरी इच्छा लेकर इधर-उधर भटक रहा है। उसकी पीड़ा यह है कि कई पत्र-पत्रिकाओं में नियमित छपने के बाद भी उसकी रचनाओं को कोई पढ़ता नहीं। घर में लगे ढेर से वह स्वयं ही रोज-रोज अपनी रचनाओं को पढ़-पढ़कर बोर हो गया है। ऐसे में उनके खास मित्र प्रसादी लाल ने गीता सरीखा ज्ञान देते हुए बताया कि यह समस्या तो कोई साहित्य गुरु ही सुलझा सकता है। आजकल नए गुरु लोगों का दौर है। नए युग के नए गुरु। योगगुरु, टेक्नोगुरु, मनीगुरु आदि। इसी तरह टेक्नो साहित्य गुरु भी हैं।

ये गुरु लोग अपने चेलों को आगे बढ़ने के गुर सिखाते और देते हैं। कलमकार ने उनकी सलाह मानकर एक आधुनिक साहित्यगुरु ढूंढ़ लिया। बड़ी उम्मीद से उनके घर पहुंचा। ध्यान मग्न गुरु ने आंखें मीचे ही सारी बात सुनने का आदेश दिया। कलमकार बड़ा दुखी होकर बोला– गुरुदेव, अच्छा लिखता हूं। पर, कोई पढ़ता नहीं। हमारे दद्दू जी भी अपने जमाने के बड़े साहित्यकार थे। उनकी रचनाओं को पढ़कर पाठक ढेरों पत्र लिखते थे। उनके पत्रों से लोहे की संदूकें भर जातीं थी। तब दादी कुछ पत्र तो डाकिया को ही वापस दे देतीं थीं। कई-कई बार लगता है कि दद्दू का नाम बिगाड़ रहा हूं। साहित्यगुरु ने आंखें खोलीं। धैर्य के साथ समाधान सुझाने की मुद्रा में आए। फिर प्यार से बोले- तू निपट मूरख है रे। जमाना बदल गया है। आज तकनीक का युग है रे। विकास का लाभ देश के अंतिम छोरे पर बैठे निर्धन व्यक्ति तक भले ही न पहुंचा हो पर तकनीक का लाभ उस तक पहुंच गया है। देखा नहीं, भूख से कांपते उसके हाथों में रोटी नहीं पर मोबाइल फोन जरूर दिखाई पड़ता है। वह अंतिम छोर पर दुनिया से कट कर भी जुड़ा हुआ है। रे मूर्ख, तकनीक का उपयोग कर तभी तेरा साहित्य देश-विदेश के घर-घर तक पहुंचेगा। कलमकार– गुरुदेव, मैं कुछ समझा नहीं, तकनीक का साहित्य पढ़ने से क्या वास्ता है? साहित्यगुरु– अरे पगले, तेरी बुद्धि बड़ी मोटी लगती है। किसने बना दिया तुझे लेखक? अरे, तेरे दद्दू के जमाने में पढ़ने वाले पाठक थे। अब पढ़ने का नहीं, पढ़ाने का युग है। लोग साहित्य पढ़ते नहीं उन्हें पढ़ाना पड़ता है। मेरी बात ध्यान से सुन। अपने मोबाइल से तेरी समस्त रचनाओं को सोशल मीडिया में डाल। इसकी दृष्टि दूर तक जाती है और हाथ कानून से भी लम्बे होते हैं। देश-विदेश से पाठक देखकर उन्हें पकड़ कर ले आता है। अब तू ही बता, कानून के हाथ लम्बे होते तो आज सारे भगोड़े सलाखों के पीछे नहीं होते? समझ रहा है न मेरी बात। कलमकार ने स्वीकारोक्ति में गर्दन हिलाई। साहित्यगुरु– आज फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर, बीवर, व्हाट्सएप जैसे बड़े प्लेटफार्म हैं। रचनाएं इनमें डाल। साहित्य के स्वर्णिमकाल में जितने लेखक पैदा नहीं हुए उससे चौगुने लेखक तो अकेले फेसबुक ने पैदा कर दिए हैं। आजकल फेसबुक ने भी स्टोरी डालने के लिए अतिरिक्त स्थान और अवसर प्रदान किये हुए हैं। यहां कड़ी प्रतिस्पर्धा है। फिर, भी गुंजाईश बनी हुई है। व्हाट्सएप ग्रुप में डाल।

कहानियों को साहित्यिक समूहों में ठूंस, उसकी छपी हुई प्रति ट्वीट कर। मेसेंजर में डाल... फिर अपने खास चेलों का ग्रुप बनाकर उसे लाइक्स देने के लिए सक्रिय कर। सोशल मीडिया में लाइक्स भी तो सब्जी की भांति बिकते भी हैं। अंटी ढीली कर, खरीद लो। कुछ जतन कर सफलता तेरे कदम चूमेगी। साहित्यगुरु ने आगे बताया– सोशल मीडिया में लोग किसी धावक सरीखे लाइक्स देने के लिए तैयार रहते हैं। इन्स्टाग्राम में कहानी के साथ खूबसूरत बाला की फोटो खींचकर पाठक को लुभा। फिर भी संतुष्टि नहीं हो तो व्हाट्सएप के स्टेटस में डाल दे। फिर देख तमाशा। इतनीं बधाइयां मिलेंगीं जितनी तेरे जन्म के वक्त तेरे घरवालों को भी नहीं मिलीं होंगीं ! देर रात तक इतने कमेंट, लाइक्स आएंगे कि तेरा मेल बॉक्स ओवर फ्लो हो जाएगा। आजकल लोहे का बॉक्स कौन रखता है रे! अब पढ़ना नहीं। पढ़ाना सीख तभी साहित्य जगत में सर्वाइव कर पाएगा। कलमकार इस गुरु-ज्ञान से गद-गद हो जाता है। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। ऐसा लग रहा था मानों अंधे को दृष्टि मिल गई हो।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
सस्ती गैस, फ्री बिजली, राशन..लाभान्वित हुए आज इतने जन, 1.51 करोड़+ लाभान्वित परिवार, 6.74 करोड़+ गारंटी कार्ड बंटे इस बार.. 10 योजनाएं एक ठिकाना, आप भी यहां जरूर आना।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
प्यार करने, पहुंच बनाने और जीवन का अनुभव करने की आपकी क्षमता असीम है। सीमा केवल शरीर और मन के कार्यों में है।



**उज्ज्वल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
बीते हुए कल से सीखो, आने वाले कल को प्लान करों और आज को डटकर जियो।



**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
एक पल एक दिन को, एक दिन एक जीवन को और एक जीवन इस पूरी दुनिया को बदल सकता है- गौतम बुद्ध

### नॉलेज कॉर्नर: सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से तिब्बत से जुड़ा है यह देश

# भारत और चीन से घिरा हुआ है 'भूटान'

भारत के अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ मित्रवत व्यवहार है। देश की सीमा पर बसे नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों के साथ हमारे मधुर संबंध हैं। ये सभी देश अपनी नीतियों और शांति के कारण भारत को बहुत प्रिय हैं। कई बार भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ आवश्यकता पड़ने पर वस्तुओं का आयात भी करता है। बात करें पर्यटन की तो भारत से बड़ी संख्या में लोग हर वर्ष इन देशों का भ्रमण करते हैं। इनमें भूटान एक ऐसा देश है जो चारों ओर से स्थल से घिरा हुआ है। इसका संपूर्ण भाग पहाड़ी है, हालांकि इसका दक्षिणी भाग थोड़ा सा समतल है। भूटान के बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## ड्रुग युल है इस देश का स्थानीय नाम

भूटान शब्द का निर्माण कई भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। कुछ लोगों का मानना है कि यह शब्द संस्कृत के भू-उत्थान से बना है। इसका शाब्दिक अर्थ ऊंची भूमि है, जबकि कुछ लोगों के अनुसार यह शब्द भोट-अंत (भोटांत) से बना है। इसका अर्थ तिब्बत का अंत होता है। इसका स्थानीय नाम ड्रुग युल है तथा इसके निवासियों को ड्रुगपा कहा जाता है। यहां के लोग भूटान के स्थान पर ड्रुग युल का उपयोग करते है, जिसका अर्थ अझ़दहा होता है। सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से यह देश तिब्बत से जुड़ा हुआ है, जबकि वर्तमान में भौगोलिक और



राजनीतिक रूप से यह भारत देश के बेहद करीब है। इसलिए इसे भारत का परम मित्र भी कहा जाता है। यह विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जिसका संपूर्ण धरातल ऊबड़-खाबड़ है। इस देश में 100 किलोमीटर की दूरी के बीच में 150 से 7000 मीटर की ऊंचाई पाई जाती है।

## इतिहास

भूटान का इतिहास सत्रहवीं सदी से जुड़ा हुआ है। 17वीं सदी के आखिरी में यहां के लोगों ने बौद्ध धर्म को अपनाया था। वर्ष 1865 में ब्रिटेन और भूटान के बीच एक संधि हुई, जिसे सिनचुलु संधि के नाम से जाना जाता है। इसके तहत भूटान को अपने सीमावर्ती कुछ भूभागों के लिए कुछ वार्षिक अनुदान के लिए करार करने पड़े। इसके बाद वर्ष 1907 में यहां ब्रिटिश प्रभाव के तहत राजशाही की स्थापना हुई। इसके तीन साल बाद एक और समझौता हुआ, जिसमें कहा गया कि ब्रिटिश नागरिक भूटान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

## देश से जुड़ी खास बातें

*भूटान की सबसे ऊंची चोटी कुला कांगरी की ऊंचाई 7553 मीटर है। यहां लगभग 70 प्रतिशत भाग पर वन है। इस देश का सबसे बड़ा शहर तथा राजधानी थिम्फू है। भूटान के मूलनिवासियों को गांलोप कहा जाता है। यह देश शुरू से खुद को दूसरे देशों से अलग रखता है। यहां का राष्ट्रीय खेल तीरंदाजी है।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

भाजपा का मिशन दक्षिण भारत: तमिलनाडु में दिया अन्नाद्रमुक को झटका, शाह कल करेंगे राज्य का दौरा

# पूर्व राज्यसभा सदस्य मैत्रेयन की 23 साल बाद BJP में हुई वापसी

एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा ने अपने मिशन दक्षिण भारत पर काम शुरू कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह दक्षिणी राज्यों का दौरा करने वाले हैं। इस बीच, अन्नाद्रमुक से पिछले साल निष्कासित किए गए राज्यसभा के पूर्व सदस्य वी मैत्रेयन ने शुक्रवार को 23 वर्षों के बाद भाजपा में वापसी की। मैत्रेयन ने यहां पार्टी महासचिव अरुण सिंह और सी. टी. रवि की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने दावा किया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों और 2026 में होने वाले तमिलनाडु



विधानसभा चुनाव में 'कमल' खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए मैत्रेयन ने कहा कि वह केवल एक नाम नहीं हैं, बल्कि एक उभरते भारत का 'मिशन और दृष्टिकोण' हैं।

### राज्य में विपक्ष की भूमिका निभा रही BJP

भाजपा महासचिव रवि ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में एक वास्तविक विपक्ष की भूमिका निभा रही है, भले ही उसके केवल चार विधायक हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों के मुद्दों को लेकर द्रमुक सरकार से लड़ रही है। सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और इससे पार्टी का विस्तार हो रहा है।

### अन्नाद्रमुक से रिश्ते अब सवालों के घेरे में

मैत्रेयन ने 2,000 में अन्नाद्रमुक का दामन थाम लिया था। पहले वे भाजपा में थे। अन्नाद्रमुक में उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता का करीबी सहयोगी माना जाता था। जयललिता की मृत्यु के बाद ई के पलानीस्वामी ने पिछले साल उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया था। पलानीस्वामी ने हाल ही में दावा किया था कि भाजपा के साथ अन्नाद्रमुक का गठबंधन जारी है। हालांकि, मैत्रेयन का भाजपा में शामिल होना इस बात को दर्शाता है कि दोनों दलों के रिश्ते सहज नहीं हैं।

### शाह की आज व कल 4 राज्यों में सभाएं

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के कार्यक्रमों के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 और 11 जून को चार राज्यों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। शाह शनिवार को गुजरात के पाटन और महाराष्ट्र के नांदेड़ में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह रविवार को आंध्र प्रदेश जाने से पहले तमिलनाडु के वेल्लोर में भी एक सभा को संबोधित करेंगे। शाह रविवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में जनसभा को संबोधित करेंगे । हाल ही में शाह ने तेलुगु देशम पार्टी नेता एन चंद्रबाबू नायडू से राष्ट्रीय राजधानी में मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात के बाद राजनीतिक हलकों में ऐसी अटकलें हैं कि क्या भाजपा तेदेपा के साथ हाथ मिलाएगी। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस अब तक प्रमुख मुद्दों पर केंद्र सरकार का समर्थन करती रही है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा भी 10 जून को राज्य के तिरुपति में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### कांग्रेस वैचारिक शून्यता की ओर

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दिल्ली इकाई के नए कार्यालय भवन की शुक्रवार को आधारशिला रखी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस वैचारिक शून्यता की दिशा में बढ़ गई है। नड्डा के साथ संगठन महासचिव बी एल संतोष और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा आदि ने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर इमारत की आधारशिला रखने से पहले भूमि पूजन किया।

### मुझे और मेरे विधायक भाई को मिली धमकी: राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें और उनके भाई को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से इसे गंभीरता से लेने की मांग की। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, यह मामला पुलिस के पास है और उसे उस पर गौर करना होगा। संजय राउत ने दावा किया, सुनील राउत को धमकी मिली। मैंने कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई। हमें उसकी चिंता नहीं है। संजय राउत को अतीत में भी ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं।

### ओडिशा: उच्च शिक्षा मंत्री को मंत्रिपरिषद से हटाया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को उच्च शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी को अपने मंत्रिपरिषद से हटा दिया। सीएम पटनायक ने राज्यपाल गणेशी लाल से पुजारी का नाम मंत्रिपरिषद से हटाने की सिफारिश की थी और उनका विभाग खाद्य तथा आपूर्ति मंत्री अतनु एस नायक को सौंप दिया। पुजारी को पिछले साल जून में मंत्री बनाया गया था।, पटनायक ने 22 मई से दो जून तक सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की थी, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग का प्रदर्शन उन्होंने सबसे खराब पाया था। मुख्यमंत्री ने इससे पहले मई में स्कूल और जन शिक्षा मंत्री समीर रंजन दास तथा श्रम मंत्री श्रीकांत साहू को इस्तीफा देने के लिए कहा था। उनकी जगह पर सुदाम मरांडी और सारदा प्रसाद नायक को मंत्रिपरिषद में जगह दी गई थी।

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव: बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

# माकपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: चौधरी

एजेंसी । कोलकाता

कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी राज्य में आगामी पंचायत चुनाव में माकपा के साथ गठबंधन में लड़ेगी। चौधरी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आठ जुलाई को होने वाले चुनाव में माकपा के साथ पूरा सहयोग करने को कहा है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और माकपा पंचायत चुनाव मिलकर लड़ेंगी। हमने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस मामले में माकपा को हर प्रकार का सहयोग देने के लिए पहले ही कह दिया है। चौधरी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की करीब 75,000 सीट पर चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 15 जून तक चलेगी। ज्ञात रहे कि माकपा नीत वाम मोर्चा और कांग्रेस ने इस साल की शुरुआत में त्रिपुरा चुनाव के अलावा 2016 और 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था। इसके बाद से दोनों दल विपक्षी एकता को बढ़ाने में भी सहयोग कर रहे हैं।



### केंद्रीय बल किए जाएं तैनात

इससे पहले चौधरी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय से पंचायत चुनावों के लिए नामांकन ऑनलाइन दाखिल करने की अनुमति दिए जाने और केंद्रीय बलों की तैनाती किए जाने का आग्रह किया। चौधरी ने कहा, पश्चिम बंगाल के लोग अपना वोट तभी डाल सकते हैं, जब केंद्रीय बल तैनात किए जाएं। उनकी मौजूदगी के कारण सागरदिघी उपचुनाव में मतदान संभव हो सका, इसलिए तृणमूल कांग्रेस वहां हार गई और कांग्रेस जीत गई। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, अगर आप डरी हुई नहीं हैं और पंचायत चुनाव कराने की इच्छुक हैं, तो केंद्रीय बलों की तैनाती की अनुमति देने में आनाकानी क्यों कर रही हैं?

### नामांकन: समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर एसईसी से जवाब तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों में नामांकन दाखिल करने के लिए दी गई समय सीमा को प्रथम दृष्ट्या अपर्याप्त मानते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग को इस संबंध में विपक्षी नेताओं द्वारा दायर याचिका और 12 जून को चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर दायर याचिका पर उसका जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि एसईसी उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने को लेकर एक उचित समय तय कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'प्रथमदृष्ट्या हमारा विचार है कि समय सीमा पर्याप्त नहीं है। एसईसी ने गुरुवार को घोषणा की थी कि पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जून होगी और चुनाव आठ जुलाई को होंगे। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि लगभग 75,000 सीटों के लिए चुनाव होने हैं और इसके लिए नामांकन दाखिल करने का समय बहुत कम है। याचिकाकर्ताओं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और भाजपा के शुभेंदु अधिकारी की ओर से पेश हुए वकीलों ने कहा कि इस दौरान दो दिन छुट्टियां भी हैं जिससे नामांकन दाखिल करने के लिए प्रभावी रूप से केवल पांच दिन मिलेंगे। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया में जल्दबाजी की जा रही है, जिस पर एसईसी को पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

### नामांकन के लिए और समय दिया जाए

चौधरी ने यह भी कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए और समय दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा, 'दीदी को कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर करें और बताएं कि वह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगी। हम चुनाव से बचने की कोशिश नहीं कर रहे, लेकिन हम चाहते हैं कि ये शांतिपूर्ण तरीके से हों। हमें 2018 के पंचायत चुनाव याद हैं, जब डर के कारण लगभग 34 प्रतिशत आबादी वोट नहीं डाल सकी थी।

बाबरिया दिल्ली-हरियाणा के प्रभारी

# शक्ति सिंह गोहिल गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त





एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य शक्ति सिंह गोहिल को अपनी गुजरात इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है तथा वरिष्ठ नेता दीपक बाबरिया को दिल्ली एवं हरियाणा में पार्टी के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गोहिल और बाबरिया की नियुक्ति की। गुजरात विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके गोहिल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर जगदीश ठाकोर का स्थान लेंगे। कांग्रेस गुजरात के लिए जल्द ही नए प्रभारी की घोषणा कर सकती है। कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद इस्तीफा दे दिया था। साल 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 182 में से सिर्फ 17 सीट पर जीत मिली थी। हार के बाद राज्य इकाई के अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने भी पद छोड़ने की पेशकश की थी। गुजरात से ताल्लुक रखने वाले बाबरिया को गोहिल के स्थान पर हरियाणा और दिल्ली का प्रभारी बनाया गया है। वह पहले मध्य प्रदेश के प्रभारी भी रह चुके हैं।

### इनको भी मिली नई जिम्मेदारी

कांग्रेस ने सांसद वी वैथिलिंगम को पुडुचेरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी और महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री वर्षा गायकवाड़ को मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने अपने दो नेताओं मंसूर अली खान और पीसी विष्णुनाथ को तेलंगाना के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा...

## RSS को भूमि आवंटन की होगी समीक्षा: राव

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडु राव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इससे संबद्ध संगठनों को पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में सैकड़ों एकड़ जमीन आवंटित करने के निर्णय की समीक्षा की जाएगी।



उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जारी कुछ निविदाओं को भी रद्द कर दिया गया है, जबकि अन्य पर गौर किया जा रहा है। मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, राज्य में सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन आरएसएस और संघ परिवार से संबद्ध संगठनों के नाम पर हस्तांतरित की गई है। इस तरह के आवंटन का उद्देश्य इन संगठनों को आगे बढ़ाने और उनकी विचारधारा के प्रसार में सहायता करना था।

### सीएम स्टालिन की किसानों से मुलाकात



*तंजावुर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन मेट्टुर बांध के गेट खोले जाने से पहले शुक्रवार को किसानों से मुलाकात कर फसलों के बारे में जानकारी लेते हुए।* -पीटीआई

CM की पुलिस के साथ बैठक

## 'लव जिहाद के मामलों में करें सख्त कार्रवाई'

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें लव जिहाद के मामलों में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

धामी ने संवाददाताओं से कहा, उत्तराखंड में विभिन्न धर्मों के लोग शांतिपूर्वक रहते हैं, लेकिन 'लव जिहाद' जैसी चीजों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के अपराध एक साजिश के तहत किए जा रहे हैं, लेकिन अब लोग इसके खिलाफ खुलकर सामने आ रहे हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और अतिरिक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले कुछ हफ्तों में उत्तरकाशी, चमोली और हरिद्वार जिलों से कथित तौर पर नाबालिग हिंदू लड़कियों के अपहरण के प्रयास की लगभग आधा दर्जन घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें आरोपी युवकों ने हिंदू लड़कियों से दोस्ती करने के लिए धार्मिक पहचान छिपाई थी।

शरद पवार को धमकी की निंदा

# CM शिंदे ने दिए जांच के निर्देश, पवार के आवास की सुरक्षा की समीक्षा

एजेंसी । पुणे

राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पार्टी ने शुक्रवार को यह दावा किया और कार्यकर्ताओं से हर हाल में शांति बनाए रखने की अपील की है।

विभिन्न दलों के नेताओं ने पवार को धमकी का कड़ा विरोध किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मामले को गंभीरता से लिया है और उन्होंने जांच के निर्देश दिए हैं। मुंबई पुलिस ने धमकी को लेकर जहां प्राथमिकी दर्ज की, वहीं पुणे पुलिस ने शहर के शिवाजीनगर इलाके में पवार के आवास पर सुरक्षा की समीक्षा की। इससे पहले पवार की बेटी



तथा लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले के नेतृत्व में राकांपा कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई पुलिस प्रमुख विवेक फणसालकर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। राकांपा नेताओं ने पुलिस को बताया कि पवार (82) को फेसबुक पर एक संदेश मिला, जिसमें लिखा था, उनका भी नरेन्द्र दाभोलकर जैसा हश्र होगा। ज्ञात रहे कि अंधविश्वास के खिलाफ लड़ने वाले नरेन्द्र दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को पुणे में सुबह की सैर के समय बाइक पर सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस बीच, पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राकांपा प्रमुख को मिली धमकी के बारे में बताया गया है। हमने जांच शुरू कर दी है। इस बीच, राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा कि सौरव पिम्पालकर नामक व्यक्ति ने धमकी भरा संदेश भेजा था, जिसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर कहा गया है कि वह भाजपा का समर्थक है।

### 'धमकियों से आवाज नहीं दबाई जा सकती'

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें महाराष्ट्र पुलिस पर पूरा भरोसा है। देश के प्रत्येक नागरिक को किसी भी विषय पर अपनी राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता है। हालांकि, अगर कोई यह सोचता है कि धमकियां देकर किसी की आवाज दबाई जा सकती है तो यह उसकी गलतफहमी है। उन्होंने कहा कि जिनके पास राज्य की बागडोर है, वे जिम्मेदारी से नहीं बच सकते।

### पवार की सुरक्षा के लिए ऐहतियात जरूरी

मुख्यमंत्री शिंदे ने एक बयान में कहा कि शरद पवार की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी ऐहतियात बरती जाएगी। पुलिस अधिकारियों को जरूरत पड़ने पर पवार की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया है। शिंदे ने साथ ही कहा कि पिछले कुछ दिनों से जानबूझकर राज्य में तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। बयान में कहा गया, शिवसेना संबंधी मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के बाद से कुछ लोग परेशान हैं जिससे औरंगजेब और टीपू सुल्तान का महिमामंडन कर माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। इन प्रयासों को विफल कर दिया जाएगा।

### नेताओं को धमकी बर्दाश्त नहीं: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि नेताओं को धमकियां दिया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति में शत्रुता के लिए कोई जगह नहीं है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि शरद पवार और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत को जान से मारने की धमकी मिलना महाराष्ट्र जैसे राज्य के लिए शर्मनाक है।

### नीलेश राणे के ट्वीट के खिलाफ दी गिरफ्तारी

राकांपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा नेता नीलेश राणे के उस ट्वीट को लेकर गिरफ्तारी दी। राकांपा प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा कि राणे के मानहानिकारक ट्वीट को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नीलेश राणे ने कहा था, 'पवार साहब चुनाव नजदीक आने पर मुस्लिम समुदाय के लिए चिंतित हो जाते हैं। कभी-कभी शरद पवार में औरंगजेब का पुनर्जन्म दिखाई देता है।

## जरूरी खबर

### समिति अध्यक्ष की 60 करोड़ की संपत्ति कुर्क




**नई दिल्ली।** निवेशकों की करीब 200 करोड़ रुपए की राशि में कथित हेराफेरी और ठगी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत महाराष्ट्र की एक सहकारी समिति के अध्यक्ष की 60 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संपत्ति को कुर्क किया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गिलबर्ट बैपटिस्ट से संबंधित दुकानों, कई फ्लैट और भूमि जैसी अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत जारी किया गया है। इन संपत्तियों का कुल मुल्य 60.44 करोड़ रुपए है और इनका संबंध बैपटिस्ट के अलावा उसके परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और उसकी स्वामित्व वाली कंपनियों से है।

### ले. संजय मित्रा स्ट्राइक-1 कोर के कमांडर बने

**जम्मू।** लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा ने शुक्रवार को 'स्ट्राइक-1 कोर' कमांडर के रूप में पदभार संभाल लिया। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मित्रा ने लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी का स्थान लिया है। लेफ्टिनेंट जनरल मित्रा खडकवासला की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और देहरादून की भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन से स्नातक किया। उन्होंने दिल्ली के राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में उच्च कमान पाठ्यक्रम और भारतीय सेना के अन्य बुनियादी पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण लिया है।

### फेमा उल्लंघन में चीनी कंपनी शाओमी को नोटिस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 5,551 करोड़ रुपए से ज्यादा के विदेशी मुद्रा कानून उल्लंघन मामले में चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता शाओमी, उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी और निदेशक समीर बी राव, पूर्व प्रबंध निदेशक मनु कुमार जैन और तीन विदेशी बैंकों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। वित्तीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फेमा मामले की जांच पूरी होने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और जब मामले का निपटान होता है तो आरोपी को उल्लंघन राशि का तीन गुना तक जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। जांच एजेंसी ने कहा कि शाओमी के साथ जैन और राव को भी यह नोटिस भेज दिया गया है।

## नौसेना अभ्यास... भारतीय नौसेना दिखा रही ताकत



*नई दिल्ली। भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात की नौसेनाओं के बीच खाड़ी में जारी त्रिपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में शामिल पोत। यह अभ्यास 7 जून को शुरू हुआ था। भारतीय नौसेना अभ्यास के दौरान अपनी ताकत और क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही है।* -पीटीआई

### साने व वैद्य ने की थी शादी, दोनों ने छिपाई यह बात



**ठाणे।** अपनी 'लिव इन पार्टनर' सरस्वती वैद्य की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार मनोज साने (56) ने उससे शादी की थी, लेकिन दोनों ने यह बात छिपाई थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, साने ने दावा किया कि वैद्य ने जहर पीकर आत्महत्या की थी और उसने सिर्फ शव के टुकड़े कर उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की थी। साने ने जांचकर्ताओं को यह भी बताया कि वह एचआईवी-संक्रमित है और उसने 36 वर्षीय वैद्य से कभी शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे। मीरा-भयंदर वसई विरार आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले ने वैद्य की तीन बहनों के बयानों का हवाला देते हुए कहा, दंपती ने अपनी शादी को पंजीकृत नहीं कराया था, लेकिन उन्होंने एक मंदिर में रीति-रिवाज के साथ शादी की थी। वैद्य ने अपनी बहनों को शादी के बारे में बताया था।

**मणिपुर में हिंसा की जांच:** डीआईजी के हाथों में रहेगी कमान

# सीबीआई ने किया एसआईटी का गठन, छह FIR पुन: दर्ज

एजेंसी | इंफाल

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर सरकार द्वारा उसे सौंपे गए हिंसा से जुड़े छह मामलों की जांच के लिए उप महानिरीक्षक रैंक के एक अधिकारी की अगुवाई में विशेष जांच दल का गठन किया है। इनमें से पांच प्राथमिकी आपराधिक षड्यंत्र और एक प्राथमिकी सामान्य षड्यंत्र से जुड़ी है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए भेजा था और उनके लौटने पर एसआईटी का गठन किया गया। एजेंसी ने राज्य सरकार द्वारा उसे भेजे गए छह मामलों को पुनः दर्ज किया है। विशेष अपराध शाखा, कोलकता मामलों की जांच करेगी। सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ले ली है।




### 953 हथियार, 13,351 गोला-बारूद बरामद

सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटे में मणिपुर के इंफाल ईस्ट, काकचिंग, टेंग्नौपाल और बिष्णुपुर जिलों से 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद और 23 बम बरामद किए। अब तक कुल 953 हथियार, 13,351 गोला-बारूद और विभिन्न प्रकार के 223 बम बरामद किए जा चुके हैं।

### अब तक 100 लोगों की मौत, 300 घायल

मणिपुर में हिंसा में अब तक करीब 100 लोगों की मौत हुई है और 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ज्ञात हो कि अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद हिंसक झड़पें शुरू हो गई थीं।

### उग्रवादियों ने की तीन लोगों की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले के एक गांव में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों के भेष में आये उग्रवादियों ने तीन लोगों को तलाशी अभियान के बहाने उनके घर से बाहर बुलाया और उनपर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांगपोकी और इंफाल वेस्ट जिलों की सीमा पर स्थित एक गांव में यह घटना घटी। उग्रवादी मेइती समुदाय के माने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव की नियमित गश्त पर निकले सुरक्षा बल गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उग्रवादी इलाके से भाग गये। अधिकारियों के अनुसार, भागने से पहले वे वारदात को अंजाम दे चुके थे।

### इंटरनेट मामला: तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं पर तीन मई से प्रतिबंध लगातार जारी रहने के विरोध में राज्य के दो लोगों की ओर से दायर की गई याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश राजेश बिंदल की अवकाश पीठ ने कहा कि इसी मुद्दे पर एक मामला उच्च न्यायालय में भी है।

**अमरनाथ यात्रा:** तैयारियों की समीक्षा

## शाह ने यात्रा मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में आगामी अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। शाह ने पूरे यात्रा मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त तक जारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका बैठक में मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, एनडीआरएफ ने श्रद्धालु शिविरों के लिए उपयुक्त जगहों की पहचान शुरू कर दी है। ऐसी खुफिया जानकारी मिली है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह तीर्थ यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं।

**अमरनाथ यात्रा**
- 01 जुलाई को शुरू होगी यात्रा
- 31 अगस्त तक रहेगी जारी

**यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच**

## रेसलर को मौके पर ले गई पुलिस

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच तेज करते हुए दिल्ली पुलिस शुक्रवार को एक महिला पहलवान को उनके कार्यालय ले गई ताकि उन घटनाक्रमों का नाटकीय रूपांतरण किया जा सके जिसके तहत यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी। बृजभूषण के आधिकारिक आवास में ही डब्ल्यूएफआई का कार्यालय भी है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पहलवान को करीब डेढ बजे डब्ल्यूएफआई कार्यालय ले जाया गया। वे करीब आधा घंटे तक वहां रुके। उन्होंने उससे घटनाक्रम को दोहराने और उन स्थानों को याद करने के लिए कहा जहां उत्पीड़न हुआ था।



### रेफरी का दावा: अनुचित बर्ताव देखा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रेफरी जगबीर सिंह ने दावा किया कि उन्होंने 2013 के बाद से कई मौकों पर महिला पहलवानों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का अनुचित रवैया देखा है। जगबीर ने पीटीआई से कहा, मैं 2007 से यूडब्ल्यूडब्ल्यू का रेफरी हूं और प्रदर्शनकारी पहलवानों के जन्म से पहले से रेफरिंग कर रहा हूं।

### SU-30MKI ने हिंद महासागर में दिखाई अपनी ताकत

**नई दिल्ली।** वायुसेना के एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों के एक बेड़े ने हिंद महासागर क्षेत्र में आठ घंटे तक एक रणनीतिक मिशन को अंजाम दिया। इस मिशन से जुड़े लोगों ने बताया कि एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में उड़ान भरी जिसमें उसकी परिचालन क्षमता प्रदर्शित हुई। ज्ञात रहे कि चार राफेल विमानों द्वारा कुछ दिन पहले इसी तरह का मिशन चलाया गया था।

## अवैध कोयला खान ढही...



*धनबाद। झारखंड में धनबाद के निकट भोवरा कोयला क्षेत्र में एक अवैध खान के ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर जारी राहत व बचाव कार्य।* -पीटीआई

**सीएसई की रिपोर्ट: प्रतिकूल मौसम की मार पड़ी भारी**

# 4 माह में 233 मौतें... 9.5 लाख हेक्टेयर में फसल खराब

- राजस्थान समेत 32 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश रहे प्रभावित
- गर्म हवाओं से मिली राहत, सिर्फ 15 दिन चलीं
- 2022 में प्रतिकूल मौसम से 3,026 लोगों की हुई मौत
- राजस्थान में तीस दिन रही प्रतिकूल मौसम की मार

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में इस साल के पहले चार महीनों में बेहद प्रतिकूल मौसम की वजह से हुई घटनाओं में 233 लोगों की मौत हो गई और करीब 9.5 लाख हेक्टेयर फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

राजस्थान और महाराष्ट्र में प्रतिकूल मौसम के दिनों की अधिकतम संख्या 30-30 रही जबकि हिमाचल प्रदेश में 28 और बिहार एवं मध्य प्रदेश में 27-27 दिन प्रतिकूल रहे। इस तरह की घटनाओं से इस बार देश के कुल 32 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश प्रभावित हुए जबकि पिछले साल यह संख्या 27 थी। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट




(सीएसई) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में पिछले वर्ष की समान अवधि में 25 प्रतिकूल दिन रहे थे जबकि इस साल यह संख्या घटकर 12 दिन रही। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी और अप्रैल 2022 के बीच, प्रतिकूल मौसम की घटनाओं के कारण 86 लोगों की मौत हुई और 30,000 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा। 2022 में इसी अवधि के दौरान 35 दिनों की तुलना में इस बार 58 दिन आकाशीय बिजली गिरी और तूफान आए।

इनमें से ज्यादातर घटनाएं मार्च और अप्रैल में हुईं। रिपोर्ट के अनुसार देश ने 2023 के पहले चार महीनों में पिछले साल के 40 दिनों की तुलना में सिर्फ 15 दिन गर्म हवाएं चली। भारत में 2022 में 365 दिनों में से 314 दिन प्रतिकूल मौसम के कारण घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 3,026 लोगों की मौत हुई थी और 19.6 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान पहुंचा था।

**केवीआईसी ने रचा इतिहास**

## 9 वर्षों में खादी उत्पादों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि

बेधड़क | नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। पिछले 9 वित्त वर्षों में, ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों द्वारा बनाए गए स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कारोबार 31154 करोड़ रुपए था, वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 1,34,630 करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र में 9,54,899 नए रोजगार का सृजन कर, केवीआईसी



ने नया मील का पत्थर स्थापित किया है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश और विदेश में हर मंच से खादी का प्रचार-प्रसार किया है, जिससे आज खादी लोकप्रियता के नए शिखर पर पहुंच चुकी है। मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में आयोग के प्रयासों से 'स्वावलंबन से समृद्धि' के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, जिसने खादी को नई संजीवनी दी है।

## 'गदर एक प्रेम कथा' के ग्रैंड प्रीमियर के लिए पहुंचे सनी देओल

# तारा सिंह गरजा... हिंदुस्तान जिंदाबाद था, है और... रहेगा

**बेधड़क . जयपुर।** हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा। जब भारी-भरकम आवाज में भारत के लिए नारे लगे तो जयपुराइट्स क्रेजी हो उठे। ये आवाज थी बॉलीवुड के घातक हीरो सनी देओल की, जो गुलाबी नगरी में गूंजी तो हर कहीं से हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगने लगे। स्टार को देखने और उनकी आवाज से आवाज मिलाने के लिए राजमंदिर सिनेमा के बाहर हजारों की संख्या में हर उम्र के लोग पहुंच गए। इसके बाद देओल ने पर्दे के सामने नारे लगाए और मूवी की बात की। गौरतबल है कि सनी की गदर2 मूवी रिलीज होने को है, जिसके प्रमोशन के लिए वे जयपुर आए थे। इस दौरान सनी राजमंदिर में जयपुराइट्स से रूबरू हुए। उन्होंने गदर: एक प्रेम कथा की फिर से रिलीज के लिए दिल्ली, मुंबई और जयपुर के एक विशेष दौरे पर सनी देओल शुक्रवार को यहां पर आए थे। ऐसे में उनकी आने वाली मूवी कदर-2 का भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रमोशन किया गया।





फोटो: पंकज शर्मा

### ट्रक पर चढ़ते लड़खड़ाए सनी

राजमंदिर पहुंचने पर तारा सिंह यानी सनी देओल एक ट्रक में सवार हो गए और हाथ हिलाकर जयपुराइट्स का अभिवादन किया। ट्रक में शूट कराया और फिल्म के एक विशाल पोस्टर का अनावरण किया।

**लड़खड़ाए तो फैंस हुए चिंतित:** ट्रक पर सवार होते समय सनी देओल कुछ लड़खड़ा गए और गिरने की स्थिति में आ गए, लेकिन उनके गाड़्र्स ने उन्हें संभाल लिया। सनी के संभलने पर फैंस ने चैन की सांस ली।

## नेशनल डायनामिक अवॉर्ड्स सीजन-2 में सुनील शेट्टी और मलाइका अरोड़ा ने दिए अवॉर्ड्स

# रैम्प पर फैशन के जलवे



### मॉडल्स ने किए लेटेस्ट फैशन वियर शोकेस



**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड की चकाचौंध से जयपुर सरोबार रहा और बेस्ट करने वालों को स्टार्स ने अवाड़्र्स दिए। अजमेर रोड स्थित द पैलेस होटल में हुए फैशन शो और अवार्ड्स नाइट में बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी और ग्लैमर क्वीन मलाइका अरोड़ा ने शिरकत की। माइंड ब्लोइंग फिल्म प्रमोशन्स की ओर से ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम मिस एंड मिसेज एल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान व नेशनल डायनॉमिक अवॉर्डस सीजन-2 में दोनों ने सम्मानित किया। ग्लैमर और फैशन से भरपूर कार्यक्रम में सुनील शेट्टी और मलाइका के साथ ही एक्टर विशाल कोटियान, फिल्म डायरेक्टर अमन प्रजापत और एक्टर योगीराज ने शिरकत की। ग्लैमरस ब्यूटी पेजेंट में 10 से ज्यादा खूबसूरत मॉडल्स ने हिस्सा लिया और लेटेस्ट फैशन वियर का प्रदर्शन किया। साथ ही जजेज के सवालों के बेहद चतुराई से जवाब भी दिए। ब्यूटी पेजेंट के साथ ही नेशनल डायनमिक अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया।

इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल, कृपा राम गहलोत, जुगल अग्रवाल, राजेश सैनी, रामाज के मोहित टेलर और सोहित टेलर आदि को नेशनल डायनमिक अवॉर्ड दिए गए। आयोजक स्टुडियो के प्रमोटर अनिल कुंदनमल जैन, स्टूडियो के डायरेक्टर सौरभ प्रजापत और खुश अनिल जैन ने बताया कि यह शो राजस्थान के टेलेंटेंड लोगों को प्रमोट करने के लिए आयोजित किया गया।

## City इवेंट्स

### सराफ ने किया सड़कों का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 125 लाल बहादुर नगर दक्षिण में सीसी सड़क एवं सेक्टर 8/1 से महावीर पार्क सेक्टर 8 तक डामर सड़क का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि लाल बहादुर नगर दक्षिण एवं सेक्टर 8/1 से महावीर पार्क की सड़कें काफी समय से टूटी हुई थी। नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोष से इन सड़कों का नवीनीकरण करवाया गया है। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, अवनीश दीक्षित, रजनीश दीक्षित, हरीश सैनी, राधा दिक्षित, प्रेमलता, जय नायक, मांगीलाल, भेरूलाल, कमल शर्मा, अक्षय गुर्जर, विकास सिंह, सुरेश कुमार अरोड़ा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 'ऑटो वालों की भी रिस्पेक्ट होती है'

**बेधड़क. जयपुर।** 'ऐसा नहीं है कि ऑटो चलाने में इज्जत नहीं है या हमारा काम नहीं चलता। मेरे पास 3 ऑटो हैं और मेरी जिंदगी अच्छी चल रही है। ऑटो वालों की भी रिस्पेक्ट होती है।' यह शब्द थे जयपुर के क्लाक् र्स आमेर होटल में दो नए सीएनजी थ्री-व्हीलर प्रॉडक्ट्स आपे एक्सट्रा एलडीएक्स (कार्गो व्हीकल) और आपे मेट्रो (पैसेंजर व्हीकल) की लॉन्च में आए शहर के ऑटो मालिकों के। उन्होंने कहा, नए वाहनों के साथ भी हम अपनी रिस्पेक्ट के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे। ऐसे में 3-वॉल्व की टेक्नोलॉजी से लैस अल्युमीनियम इंजन से हमें राहत मिलेगी। इस मौके पर पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी डिएगो ग्राफी ने कहा कि क्रांतिकारी वाहन राजस्थान और जयपुराइट्स के लिए खास हैं। सीएनजी, एलपीजी, पेट्रोल इलेक्ट्रिक से इन सभी को ज्यादा सुविधा मिलेगी।

### डॉ. आशुतोष की पुस्तक का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** होटल खासा कोठी में डॉ. आशुतोष मीणा द्वारा लिखित एवं राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं भारत' का विमोचन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी अमृता धवन ने किया। डॉ. आशुतोष ने बताया कि यह पुस्तक भारतीय समाज में अंधविश्वास एवं अतार्किकता के मुद्दे पर संविधानवादी, विज्ञानवादी, तर्कवादी मूल्यों पर आधारित है। नेहरूवादी वैज्ञानिक समाजवाद इस पुस्तक का प्रेरक है। पुस्तक में वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य और वैज्ञानिक चिंतन सहित कई मुद्दों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। डॉ. आशुतोष मीणा लोकप्रशासन राजकीय महाविद्यालय नांगल राजावतान दौसा में सहायक आचार्य के रूप में कार्यरत हैं।

## डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग द्वितीय 21 जुलाई से

# डॉक्टर्स एक बार फिर दिखाएंगे गानों में अपनी आवाज का जादू



**बेधड़क | जयपुर**

नया जीवन देकर लोगों को खुशियां बांटने वाले डॉक्टर्स गाने के जरिए एक बार फिर अपनी आवाज का जादू दिखाएंगे। मौका होगा डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग (डीएमपीएल) के दूसरे सीजन का। ऑर्गेनाइसिंग चैयरमेन डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि 21 से 23 जुलाई को होने वाले डीएमपीएल के लिए 9 जुलाई को टीमों का ऑक्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सीजन ने अपनी अनूठी संकल्पना म्यूजिकल मैचेज के चलते अच्छी खासी सराहना बटोरी थी।

डीएमपील डॉक्टर्स द्वारा डॉक्टर्स के लिए आयोजित होने वाली अनोखी गायन प्रतियोगिता है, जहां दिन में चिकित्सकीय कौशल दिखाने वाले करीब 200 डॉक्टर्स शाम को अपने सुरों का कौशल दिखाएंगे। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक व डॉ रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी जो कि ऑक्शन के माध्यम से गायकों का चयन कर अपनी-अपनी टीमें बनाएंगे। लीग कोऑर्डिनेटर डा. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस बार टीम इवेंट्स के अलावा एकल व युगल प्रतियोगिताएं भी होंगी। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस बार डीएमपीएल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के नवनिर्मित भवन में होगा। बॉलीवुड के मशहूर गायक रविन्द्र उपाध्याय इसके ब्रांड एम्बेसडर होंगे।

## मैसेज दे गया नाटक 'चौथमल मास्साब'

# ठरक हर किसी में है लेकिन उजागर कोई भी नहीं करता



**बेधड़क | जयपुर**

चौथमल मास्साब हर इंसान में मौजूद है, लेकिन कुछ लोग इसे सार्वजनिक तौर पर उजागर नहीं करते। रविंद्र मंच पर ऐसे ही मैसेज के साथ कलाकारों ने नाटक को जीवंत किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कला, साहित्य और संस्कृति व पुरातत्व विभाग व रविंद्र मंच द्वारा टैगोर थिएटर के तहत नाटक चौथमल मास्साब का मंचन किया गया। पंकज सुबीर द्वारा लिखित कहानी पर आधारित नाटक था। कहानी का नाट्य रूपांतरण नीरज गोस्वामी ने किया। इंसान को जीने के लिए सिर्फ रोटी ,कपड़ा और मकान की ही नहीं और भी वगैरह वगैरह की जरूरत होती है। यह वगैरह आदिम भूख का ही दूसरा नाम है, जिसे हम ठरक भी कहते हैं। जो होती तो हर किसी में है, लेकिन उजागर कोई नहीं करता। चौथमल मास्साब भी इस वगैरह से बच नहीं पाए। नाटक में चौथमल मास्साब की मुख्य भूमिका में वरिष्ठ रंगकर्मी ईश्वर दत्त माथुर ने निभाई। नाटक में सरस्वती उपाध्याय, देवयानी सारस्वत, नीरज गोस्वामी, मोइनुद्दीन खान रेनू, सरिता जांगिड़, राजेंद्र शर्मा राजू, मनोज स्वामी, मनोज आडवाणी, सागर गढ़वाल, मनीष योगी व कवितेश शर्मा ने अभिनय किया। रविंद्र मंच मैनेजर प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, कलाप्रेमी, साहित्यकार व अन्य उपस्थित रहे।

**आस्था** | भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक मनाया

# मंदिरों में गूंजे भगवान वासुपूज्य-विमलनाथ के जयकारे

**बेधड़क | जयपुर**

जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक महोत्सव व 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए जाकर निर्वाणोत्सव मनाया गया। इसके बाद जयकारों के बीच निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया।



राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया, मंत्रोच्चार के साथ वासूपूज्य व विमलनाथ भगवान के जलाभिषेक और पंचामृत अभिषेक किए गए। इसके बाद विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की गई। भगवान वासुपूज्य की अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए भगवान वासूपूज्य के गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया।

### महाआरती के बाद समापन

इस मौके पर तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन में निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। प्रकाश टोंग्या, कैलाश काला, धनराज जैन, रितेश छाबड़ा, अजय जैन, सुनील गोधा, प्रमिला पाटनी सहित ऋबड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। श्रीनेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी, श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि सहित दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन हुए।

### निर्वाण लाडू चढ़ाया

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में भगवान के श्री चरणों में तीर्थंकर भगवान विमलनाथ के मोक्ष कल्याणक के साथ भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह अभिषेक शांति धारा के बाद पूजन करके उपस्थित श्रेष्ठी गणों ने आचार्य मानुतुंग रचित गाथा का पाठ किया। सभी ने निर्वाण काण्ड का वाचन कर विमल नाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया।



सफल होने के बाद भी आप खुद को उस व्यक्ति से बड़ा नहीं समझें, जिसके हाथों को पकड़ कर आपने सफलता की सीढ़ी चढ़ी।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**अफगानिस्तान:** बीते दिनों बम विस्फोट में मारे गए डिप्टी गवर्नर के जनाजे की नमाज में भी बम धमाका

# 11 की मौत... दो दर्जन से अधिक लोग घायल

एजेंसी | काबुल

तालिबान शासित अफगानिस्तान में दो दिनों के भीतर दूसरा बम धमाका हुआ है। मस्जिद में बम विस्फोट में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई।

मीडिया ने तालिबान अधिकारियों के हवाले से कहा कि तालिबान के प्रांतीय डिप्टी गवर्नर के जनाजे के लिए मस्जिद में नमाज अदा की जा रही थी, तब यह विस्फोट हुआ। इस हमले में 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, प्रांतीय डिप्टी गवर्नर भी कुछ दिन पहले एक हमले में मारे गए थे, उन्हीं की याद में हादसे वाली जगह पर नमाज पढ़ी जा रही थी। आंतरिक मंत्रालय के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर के अनुसार गुरुवार को नबावी मस्जिद के पास विस्फोट में मारे गए लोगों में पुलिस अधिकारी भी शामिल थे और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### मानवीय और इस्लामी मानकों के खिलाफ

अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने हमले की निंदा की और ट्वीट किया कि मस्जिदों पर बमबारी को "आतंकवाद" बताया। साथ ही, इस घटना को "मानवीय और इस्लामी मानकों के खिलाफ" करार दिया। हमले के लिए जिम्मेदारी का तत्काल दावा नहीं किया जा सका है, लेकिन मंगलवार को हुए कार बम विस्फोट की जिम्मेदारी आईएसआईएल सशस्त्र समूह ने ली थी।

### तालिबान और ISIL में क्यों ठनी!

मीडिया ने बताया कि तालिबान प्रशासन आईएसआईएल के सदस्यों के खिलाफ छापे मार रहा है, जिससे बौखलाए आईएसआईएल अफगानिस्तान के कई शहरों में बदला लेने के लिए हमले कर रहा है। यह आतंकी समूह पिछले कुछ समय से तालिबान प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बना रहा है। मार्च में एक हमले में इसने उत्तरी बल्ख प्रांत के गवर्नर की हत्या का दावा किया था। बता दें, पिछले दिनों फैजाबाद में हुए हमले में डिप्टी गवर्नर निसार अहमद अहमदी के साथ उनके ड्राइवर की भी मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए थे। बता दें, संचार और संस्कृति प्रभारी अधिकारी मोअजुद्दीन अहमदी ने बताया बघलान में एक पूर्व अफगान पुलिस प्रमुख सफीउल्लाह समीम भी गुरुवार को विस्फोट में मारे गए थे।








**यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़े हैं अमेरिका व ब्रिटेन...**

# बाइडेन-सुनक ने AI सहित कई मुद्दों पर मिलाया हाथ

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन की मदद जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई और एआई, स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। बाइडेन और सुनक ने कहा कि 'अटलांटिक घोषणापत्र' विकास और उभरती प्रौद्योगिकी के मामले में दोनों देशों के लिए एक रूपरेखा के तौर पर काम करेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा व अन्य आर्थिक सुरक्षा समस्याओं के लिहाज से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी की रक्षा करेगा। ओवल ऑफिस में दोनों नेताओं के बीच वार्ता शुरू होने पर बाइडेन ने कहा, 'हम अपने मूल्यों को सामने रखेंगे।' बाद में उन्होंने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि समझौता दोनों देशों को 'हमारी साझेदारी को अनुकूलित और उन्नत करने में मदद करेगा।'



### 'कदम से कदम मिलाकर चलेंगे'

बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को वाइट हाउस में यूक्रेन संकट के अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े व्यापक मुद्दों पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने इस बात का भी संकल्प लिया कि वे विश्व में तेजी से होते आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी परिवर्तन की अवधि के अनुकूल कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करेंगे।

### वार्ता में छाया रहा यूक्रेन

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था औद्योगिक क्रांति के बाद शायद सबसे बड़ा परिवर्तन देख रही है, क्योंकि नई प्रौद्योगिकियों ने न केवल अविश्वसनीय अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि हमारे प्रतिद्वंद्वियों को भी अधिक मौके दिए हैं।' दोनों नेताओं के बीच बातचीत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का मुद्दा छाया रहा। अमेरिका और ब्रिटेन दोनों इस युद्ध में यूक्रेन की बड़े पैमाने पर मदद कर रहे हैं।

## टेक्सास में पुल ढहा कई लोग घायल

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास में गुरुवार को सर्फसाइड बीच पर बने एक पुल के ढह जाने से, वहां अवकाश मनाने गए करीब दो दर्जन किशोर घायल हो गए। इनमें पांच किशोरों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया है। ब्रेजोरिया काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। पुल ढहने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

# डोनाल्ड ट्रंप पर लगा अभियोग!

एजेंसी | मियामी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास पर गोपनीय दस्तावेज मिलने के मामले में उन्हें अभ्यारोपित किया गया है। ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहते हैं, ऐसे में यह मुकदमा उनकी राह में मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

न्याय विभाग ने इस अभियोग की तत्काल सार्वजनिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन स्थिति से अवगत दो लोगों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अभियोग में सात आपराधिक मामले शामिल हैं।

इनमें से एक व्यक्ति ने बताया कि अभियोजकों ने ट्रंप के वकीलों से संपर्क किया था। इसके कुछ ही समय बाद 'ट्रूथ सोशल' मंच पर घोषणा की गई कि ट्रंप पर अभियोग लगाया गया है। न्याय विभाग के लंबे इतिहास में यह अभियोग राजनीतिक रूप से सबसे अधिक जटिल मामला प्रतीत होता है। घोषणा के 20 मिनट के भीतर ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के लिए धन जुटाना शुरू कर दिया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, 'मैं बेकसूर हूं।' उन्होंने दोहराया कि यह जांच उन्हें फंसाने के लिए है।


**बड़ी कामयाबी**

# नासा ने खोजा सौर तूफान का स्रोत

एजेंसी | वॉशिंगटन

सूर्य के रहस्यों को उजागर करने के लिए 2018 में लॉन्च किए गए नासा के पार्कर सोलर प्रोब के डेटा ने सूर्य के सतह पर सौर हवा से स्रोत की खोज कर ली है।

इस स्रोत से भारी संख्या में आवेशित कण सूर्य की सतह से निकलकर पृथ्वी की ओर बह रहे हैं। इस अभियान का प्रमुख मकसद यह पता करना था कि सूर्य की सतह पर सोलर विंड या सौर हवा कैसी दिखती है और यह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से कैसे बचती है। पार्कर सोलर प्रोब ने सूर्य की सतह के 13 मिलियन मील (20.9 मिलियन किलोमीटर) के भीतर जैसे ही जांच शुरू की, इसके उपकरणों ने सौर हवा की ठीक संरचनाओं का पता लगा लिया।



### पृथ्वी को क्या हो सकता है खतरा

तेज सौर हवा आमतौर पर पृथ्वी को प्रभावित नहीं करती है, लेकिन अधिकतम सौर चक्र के दौरान सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र पलट जाता है। यह फ्लिप सूर्य की सतह पर कोरोनल छिद्रों को प्रकट करने का कारण बनता है और सौर हवा को सीधे पृथ्वी की ओर छोड़ता है। सौर हवा के स्रोत को समझने से वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम और पृथ्वी को प्रभावित करने वाले सौर तूफानों की बेहतर भविष्यवाणी करने में मदद मिल सकती है। इन सौर हवा के कारण पृथ्वी पर सुंदर अरौरा का नजारा बनता है हालांकि, ये सौर तूफान उपग्रहों और पृथ्वी के विद्युत ग्रिडों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

### 800 किमी प्रति सेकंड की स्पीड से बहती है हवा

यह हवा फोटोस्फीयर या सौर सतह के पास उत्पन्न होती है। इसमें प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन जैसे आवेशित कण होते हैं। इसमें सौर चुंबकीय क्षेत्र का हिस्सा भी शामिल है। यह हवा दो प्रकार की होती है। सूर्य के ध्रुवों पर 497 मील प्रति सेकंड (800 किलोमीटर प्रति सेकंड) की चरम गति से कोरोना के छेद से तेज सौर हवा बहती है। वहीं, बाकी हिस्सों में बहने वाली सौर हवा 249 मील प्रति सेकंड (400 किलोमीटर प्रति सेकंड) की शांत गति से बहती है।

**सैन्य अदालतों में सुनवाई की बात पर इमरान का जवाब...**

# पाकिस्तान में लोकतंत्र और न्याय का अंत

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उनके "कोर्ट मार्शल" के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले देश की शक्तिशाली सेना ने कहा था कि नौ मई को हुई हिंसा के "षड्यंत्रकारियों" के खिलाफ सैन्य अदालतों में सुनवाई की जाएगी। एक दिन पहले ही देश के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने नौ मई की हिंसा के लिए खान को जिम्मेदार बताया था।

भ्रष्टाचार के एक मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद देश भर में हिंसा फैल गई थी। खान गुरुवार को 10 विभिन्न मामलों के सिलसिले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के सामने पेश होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इमरान ने कहा कि उन्हें पता था कि एक सैन्य अदालत द्वारा उनकी सुनवाई की जाएगी।

उन्होंने सैन्य अदालत में एक असैनिक की सुनवाई को पाकिस्तान में "लोकतंत्र का अंत" और "न्याय का अंत" बताया। मीडिया ने खान के हवाले से कहा, "सैन्य अदालत में मुकदमा अवैध होगा।" खान ने कहा, "वे लोग जानते हैं कि मेरे खिलाफ दर्ज 150 से अधिक मामले निराधार हैं और इन फर्जी मामलों में मुझे दोषी नहीं ठहराया जा सकता, इसलिए उन्होंने सैन्य अदालत में मेरा मुकदमा चलाने का फैसला किया है।"




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl